दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 359 जयपुर, शनिवार, 09 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### लोस से निष्कासित महुआ, बोलीं- 'कंगारू अदालत की सजा'



**नई दिल्ली**। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में शुक्रवार को 'अनैतिक एवं अशोभनीय आचरण' के लिए सदन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। मोइत्रा ने अपने इस निष्कासन की तुलना 'कंगारू अदालत' द्वारा सजा देने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

### उपराष्ट्रपति शनिवार को राजस्थान का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली**। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को अपने गृह राज्य राजस्थान का दौरा करेंगे और इस दौरान गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ संवाद करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया,'उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नौ दिसंबर को राजस्थान के बांसवाड़ा, उदयपुर एवं जयपुर का दौरा करेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति सबसे पहले उदयपुर पहुंचेंगे जहां से बांसवाड़ा जाएंगे और वहां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे।'

### मकर संक्रांति और शीतलाष्टमी पर सरकारी अवकाश

**जयपुर**। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जयपुर जिले में वर्ष 2024 के लिए मकर संक्रांति और शीतला अष्टमी (मेला चाकसू) का स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिला कलेक्टर ने एक आदेश जारी कर मकर संक्रांति पर 15 जनवरी और एक अप्रेल को आने वाले शीतला अष्टमी पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं।

**करारी हार पर कांग्रेस आलाकमान नाराज:** आज समीक्षा बैठक में हो सकती है प्रदेश के नेताओं की खिंचाई, पूछा जा सकता है...

# सरकार रिपीट और 156 सीट... जैसे दावे कर क्यों रखा अंधेरे में!

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में करारी हार को लेकर आलकमान शनिवार को प्रदेश के कांग्रेस नेताओं से रिपोर्ट लेगा। अब आगामी लोकसभा चुनाव पर फोकस कर रहा आलाकमान विधायक दल का नेता, प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्य सचेतक बनाने को लेकर भी चर्चा कर सकता है। इस बीच, विधायक दल के नेता को लेकर गोविन्द सिंह डोटासरा के साथ ही राजेन्द्र पारीक, शांति धारीवाल, नरेन्द्र बुढानिया, महेन्द्रजीत सिंह मालवीय सहित अन्य के नाम भी चर्चा में है।



पहले निवर्तमान सीएम अशोक गहलोत का शुक्रवार शाम को दिल्ली जाने का कार्यक्रम था, लेकिन ऐनवक्त पर इसे स्थगित कर दिया गया। वे अब शनिवार सुबह रूटीन फ्लाइट से दिल्ली जाएंगे। बता दें, हार के कारणों की समीक्षा के लिए आलाकमान ने गहलोत और डोटासरा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली बुलाया है।

### नेता प्रतिपक्ष के लिए ये नाम चर्चा में

विधायक दल के नेता यानी नेता प्रतिपक्ष के चयन को लेकर प्रदेश तमाम विधायक आलाकमान को अधिकार सौंप चुके हैं। समीक्षा बैठक के दौरान विधायक दल के नेता के नाम पर भी चर्चा हो सकती है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है। उनकी जगह सचिन पायलट को एक बार फिर प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जा सकती है। विधायक दल के नेता को लेकर शांति धारीवाल, महेन्द्रजीत सिंह मालवीय, नरेन्द्र बुढानिया, राजेन्द्र पारीक सहित अन्य के नाम भी चर्चा में है।

**राहुल भी बैठक में हो सकते हैं शामिल:** माना जा रहा है कि विदेश दौरा स्थगित होने के बाद राहुल गांधी मप्र और छत्तीसगढ़ की समीक्षा बैठक की तरह राजस्थान की बैठक में भी मौजूद रह सते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एवं सहप्रभारी तो बैठक में मौजूद रहेंगे ही।

**छग और मप्र की हो चुकी समीक्षा:** कांग्रेस आलाकमान मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के नेताओं की बैठक बुला रिपोर्ट ले चुका है। इन समीक्षा बैठकों के बीच अफवाह फैली कि मध्यप्रदेश में कमलनाथ ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। लेकिन इसका पार्टी की ओर से खंडन किया गया।

### चहेतों को टिकट दिलाने वालों से होगा जवाब तलब

बताया जा रहा है कि राजस्थान में इच्छानुसार टिकट वितरण के बाद भी हुई करारी शिकस्त को लेकर आलाकमान सख्त नाराज है। ऐसे नेताओं को फटकार लग सकती है। दरअसल, राहुल गांधी ने टिकट वितरण से पूर्व ही कह दिया था कि राजस्थान में कांटे की टक्कर है। हालांकि, उन्होंने मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया था। बैठक में आलाकमतान पूछ सकता है कि प्रदेश में भाजपा का सूपड़ा साफ होने और कांग्रेस के 156 सीट जीत सरकार रिपीट होने के दावों का क्या हुआ? जयपुर शहर में भी तमाम दावों के विपरीत भाजपा 8 में से 6 सीट कैसे जीत गई? क्यों अंधेरे में रखा गया?

**कौन बनेगा/बनेगी मुख्यमंत्री:** अभी दो-तीन दिन और इंतजार!

# राजनाथ सिंह, सरोज और तावड़े को बनाया पर्यवेक्षक

## सिंह के कल पहुंचने के बाद होगी विधायकों से रायशुमारी

### प्रदेशाध्यक्ष जोशी, सभी विधायक बने सांसद व वसुंधरा दिल्ली में

हरीश भामनियां | बेधड़क

**जयपुर**। प्रदेश में सीएम के चयन को लेकर पिछले पांच दिनों से चल रहे भाजपा आलाकमान का मंथन और प्रदेशवासियों का असमंजस अभी अगले दो-तीन दिन में ही खत्म होगा। तमाम कयासों के बीच भाजपा आलाकमान ने शुक्रवार सुबह प्रदेश में विधायकों की रायशुमारी के लिए तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी आलाकमान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सरोज पांडेय व विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक बनाया गया है। पता चला है कि पर्यवेक्षक नियुक्त होने के तुरंत बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने उनके आवास पहुंचे। बताते हैं उनके बीच सीएम पद पर संभावित नामों और सियासी गणित पर लंबी मंत्रणा हुई।

मिली जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को जयपुर आएंगे। इससे पूर्व उनका शनिवार को जयपुर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन शुक्रवार को मुंबई चले गए, वे वहां से लौटने के बाद रविवार को जयपुर पहुंचेंगे। उधर, दिल्ली में मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भी शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर काफी देर तक बात की। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी अभी दिल्ली में ही हैं, वहां उनका वरिष्ठ नेताओं से मंत्रणा का दौर जारी है। लगता है कि सीकर रोड स्थित एक रिसोर्ट में कथित बाड़ाबंदी के मामले का पटाक्षेप हो गया है।

इधर, बताया जा रहा है कि राजनाथ सिंह के अलाव अन्य दो पर्यवेक्षक पांडेय व तावड़े शनिवार दोपहर तक जयपुर पहुंच सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है। ऐसे में यह कहना शायद अतिशयोक्ति नहीं होगी कि 11 दिसंबर तक प्रदेश को नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा। दरअसल, 16 दिसंबर से मलमास लग रहा है, इससे पूर्व शपथग्रहण तक की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। बहरहाल, सीएम पद को लेकर प्रदेश और देश की राजधानी के बीच राजनीतिक हलचल पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद तेज हो गई है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



विनोद तावड़े
भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव



सरोज पांडेय
राज्यसभा सदस्य

### तीनों आब्जर्वर्स का लंबा सियासी अनुभव

भाजपा आलाकमान द्वारा राजस्थान के लिए बनाए गए पर्यवेक्षकों राजनाथ सिंह, सरोज पांडेय व विनोद तावड़े को लंबा राजनीतिक अनुभव है। सिंह रक्षा मंत्री हैं, वहीं दूसरी पर्यवेक्षक सरोज पांडेय साल 2013 में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकी हैं। इसके अलावा 2000 और 2005 में दो बार दुर्ग (मध्यप्रदेश) की मेयर भी रही हैं। वे साल 2008 में वैशाली नगर से भाजपा की विधायक व 2009 में सांसद भी रही हैं। वहीं, विनोद तावड़े भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव है।

**अब तीन कदम...**

### रायशुमारी, हाईकमान की रजामंदी और ऐलान

प्रदेश में सीएम चयन के लिए पर्यवेक्षकों के मनोनयन के बाद तीन कदम का फासला रह गया है (जैसा कि हुआ करता है), सीएम की कुर्सी और नए सीएम के बीच। ऑब्जर्वर्स विधायक दल की बैठक में रायशुमारी कर फैक्ट ऑन रिकॉर्ड से आलाकमान को अवगत कराएंगे, इसके बाद ऊपर से स्वीकृति आते ही सीएम के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा। लब्बो लुआब यह कि रविवार को सारी तस्वीर पूरी नहीं तो तकरीबन साफ हो जाएगी।

**जोशी ने बोले...**

### मैं सीएम की रेस में नहीं

दिल्ली में मीडिया से बातचीत में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि वे सीएम पद दौड़ में नही हैं। किसे सीएम बनाना है, इसका फैसला हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा। पार्टी का जो भी फैसला होगा, वह सर्वमान्य होगा।

**मौसम:** सीकर में पारा 6 और चूरू में 6.6°C

# आबू जमाव बिंदु पर, जोधपुर-अजमेर में सीजन का सबसे कम तापमान

बेधड़क | जयपुर

प्रदेशभर में सर्दी ने अपना रंग जमाना शुरू कर दिया है। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। हिल स्टेशन माउंट आबू में शुक्रवार को फिर से बर्फ जमा देने वाली सर्दी रही। अलबत्ता, राजधानी जयपुर में शुक्रवार को सर्दी से लोगों को मामूली राहत मिली। हालांकि यहां न्यूनतम तापमान गुरुवार के मुकाबले सिर्फ एक डिग्री बढ़कर 12.5 पर पहुंचा। दो अन्य बड़े शहरों अजमेर और जोधपुर में सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ।

प्रदेश में सीकर, फतेहपुर, पिलानी, चूरू व श्रीगंगानगर में रात के तापमान में गिरावट हुई। यहां रात में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। चूरू में न्यूनतम तापमान गिरकर 6.6 पर आ गया, जो गुरुवार (7 दिसंबर) से भी कम रहा।

सीकर के फतेहपुर में तापमान में भी शुक्रवार को मामूली गिरावट हुई। झुंझुनूं के पिलानी में तापमान 8, सीकर शहर में 6 और बीकानेर में 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आगामी दिनों में पारा और गिर सकता है।




### 20 से ज्यादा जिले कोहरे की चपेट में

प्रदेश में बढ़ती सर्दी के चलते लोगों की दिनचर्या खासी प्रभावित हुई है। कोहरे का असर साफ देखा जा रहा है। प्रदेश के 20 से ज्यादा जिले शुक्रवार को भी कोहरे की चादर में लिपटे रहे। हालांकि, धूप निकलने के साथ ही धीरे धीरे कोहरे का असर कम हो गया। जोधपुर, जालोर, पाली, भरतपुर में सुबह कोहरा रहा, लेकिन दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हो गया।

### आगामी दिनों में तापमान में होगा उतार चढ़ाव


मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदेश में 11 दिसंबर तक तापमान में इसी तरह का उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। 11 दिसंबर से उत्तर भारत के जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के एरिया में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिससे सर्द हवा आनी रुक जाएगी और तापमान फिर से बढ़ने लगेंगे। 15 दिसंबर तक इस सिस्टम का असर पहाड़ों पर रहेगा। इस सिस्टम के आगे निकलने के बाद 16 दिसंबर से राजस्थान में फिर से सर्द हवा आने लगेगी और पारा एक बार फिर 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा, जिससे सर्दी तेज होगी।

### आरबीआई: रेपो दर को 6.5% पर कायम रखा

**मुंबई**। आरबीआई ने शुक्रवार को लगातार पांचवीं बार नीतिगत दर रेपो को 6.5% पर बरकरार रखा। वहीं, खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.4% पर बरकरार रखा। रेपो दर को 6.5% पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर ईएमआई में कोई बदलाव नहीं होगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'एमपीसी के सभी छह सदस्यों ने परिस्थितियों पर गौर करने के बाद आम सहमति से रेपो दर को कायम रखने का फैसला किया।'

**सुप्रीम कोर्ट ने की कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की कड़ी आलोचना...**

## न्यायाधीशों से उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले की शुक्रवार को कड़ी आलोचना की, जिसमें किशोरियों को 'अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण' रखने की सलाह दी गई थी। शीर्ष अदालत ने इन टिप्पणियों को आपत्तिजनक और गैर-जरूरी बताया।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि ये टिप्पणियां संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त किशोरों के अधिकारों का पूरी तरह से उल्लंघन हैं।

पीठ ने मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी करते हुए कहा, 'हमारा प्रथम दृष्टया यह मानना है कि न्यायाधीशों से व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने या उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती।'

### सलाह दी थी किशोरियां 'अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण' रखें

शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपनी सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान को न्याय मित्र नियुक्त किया। न्यायालय ने न्याय मित्र की सहायता के लिए अधिवक्ता लिज मैथ्यू को अधिकृत किया है। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 18 अक्टूबर, 2023 के उस फैसले का स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें टिप्पणी की गई थी कि किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए और दो मिनट के सुख के लिए खुद को समर्पित नहीं करना चाहिए।

**भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का प्रमोशन**

# 3 IPS-ADG, 4 IG और 7 बनेंगे DIG, 1 को होंगे पदोन्नत

- आठ जिलों में एसपी व एक रेंज के IG, DIG के पद हो जाएंगे रिक्त
- खाली पदों पर नए अफसर लगाने की तैयारी में लगे संबंधित विभाग
- 20 से ज्यादा IPS स्केल पर हो जाएंगे प्रमोट

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से जीत कर नई सरकार बना रही है। वहीं, दूसरी ओर प्रदेश के पुलिस मुख्यालय में एडीजी, रेंज आईजी व डीआईजी के पद पर तैनात 14 आईपीएस अफसरों की 1 जनवरी को पदोन्नति के बाद ट्रांसफर-पोस्टिंग के बारे में चर्चा होने लगी है। इनमें से तीन आईपीएस अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी), चार आईपीएस अफसर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) और 7 आईपीएस अफसर उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) बन जाएंगे। इनके साथ ही 20 से ज्यादा अन्य अधिकारी आईपीएस अफसर की स्केल पर पदोन्नत हो जाएंगे। पुलिस मुख्यालय व कार्मिक विभाग ने तैयारी तकरीबन पूरी कर ली है।



रूपेन्द्र सिंह



भूपेन्द्र साहू



बीएल मीणा

**रेंज व 7 जिलों में आईजी व एसपी के पद खाली हो जाएंगे:** पदोन्नति के बाद प्रदेश के 7 जिलों व एक रेंज में पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक के पद खाली हो जाएंगे। पदोन्नति के बाद सरकार को इनके रिक्त होने वाले पदों पर अन्य आईपीएस अफसरों लगाना पड़ेगा। इनमें भरतपुर रेंज आईजी के साथ की सीकर, पाली, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, भिवाड़ी, धौलपुर व अनूपगढ़ के एसपी का पद खाली हो जाएगा।

**ये अफसर होंगे पदोन्नत:** भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रूपेन्द्र सिंह, आईजी-साइबर क्राइम भूपेन्द्र साहू व आईजी-नियम बीएल मीणा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के पद पर पदोन्नत हो जाएंगे। एडिशनल पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश, पुलिस उपमहानिरीक्षक-एटीएस अंशुमन भौमिया, डीआईजी-आरपीए हेमंत शर्मा और डीआईजी अनिल टांक पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पद पर पदोन्नत होंगे। इनके साथ ही सात पुलिस अधीक्षक पारिस देशमुख, गगनदीप सिंह सिंघला, विकास शर्मा, राजीव पचार, योगेश दाधीच, मनोज कुमार और राजेन्द्र कुमार पुलिस उपमहानिरीक्षक (आईजी) के पद पर पदोन्नत हो जाएंगे।

## जरूरी खबर

### लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर रोक जारी



**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश के चर्चित फोन टेपिंग प्रकरण में शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार के वकील संदीप झा ने सरकार बदलने की स्थिति में कहा कि केस में सरकार से निर्देश लेना होगा, लिहाजा 1-2 सप्ताह का समय दिया जाए। वहीं शिकायतकर्ता की तरफ से उपस्थित वकील ने कहा कि अब इस केस में कुछ बचा नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकेश शर्मा ने दिए गए इंटरव्यू और मीडिया रिपोर्ट्स आई हैं उनमें ये माना है कि उनकी जानकारी में ये फोन टैपिंग की गई हैं। इस पर जस्टिस विकास महाजन ने कहा कि इंटरव्यू और मीडिया रिपोर्ट्स पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता।

### पशु चिकित्सा अधिकारी साक्षात्कार 13 से

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती 2019 के पदों के लिए साक्षात्कार का चतुर्थ चरण 13 से 15 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिए जाएंगे। आयोग सचिव ने बताया कि चतुर्थ चरण में 162 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

### करणपुर में 3 जनवरी से सूखा दिवस घोषित



**बेधड़क, जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा करणपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के आम चुनाव - 2023 के घोषित कार्यक्रम को लेकर 3 जनवरी को सायंकाल से सूखा दिवस घोषित किया है। वित्त(आबकारी) विभाग ने आदेश जारी कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम -1951 की धारा 135 -ग के प्रावधानों के तहत मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से 5 जनवरी को मतदान समाप्ति तक समस्त करणपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र व उसके 3 किलोमीटर परिधि क्षेत्र में और मतगणना दिवस 8 जनवरी 2024 को नगर परिषद् क्षेत्र करणपुर में सूखा दिवस घोषित किया गया है।

---

**दौसा में नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले पर गरमाई राजनीति, भाजपा-कांग्रेस में बयानबाजी**

# बच्चियों के साथ रेप जर्जर कानून व्यवस्था का परिणाम: राठौड़

**बेधड़क | जयपुर**

दौसा में 6 साल की मासूम के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर बीजेपी ने कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने शुक्रवार को जेके लोन अस्पताल पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकत की। राठौड़ ने इस दौरान कांग्रेस की कड़े शब्दों में निंदा की।

राठौड़ ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस राज में जर्जर कानून व्यवस्था का ही नतीजा रहा कि कभी गैंगस्टर घर में घुसकर सरेआम गोलियों से वारदात को अंजाम देते हैं तो कभी हमारी मासूम बच्चियों के साथ दरिंदगी पर उतारू हो जाते हैं। कांग्रेस के जंगलराज के कारण ही प्रदेश में ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

**नाबालिग के परिजन से मिले भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़**




### बहन-बेटियों की दयनीय स्थिति

राठौड़ ने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े हो या राजस्थान पुलिस का अधिकृत मासिक प्रतिवेदन, यह सभी चीख-चीख कर दुष्कर्म के मामले में देशभर में पहले पायदान पर पहुंच चुके राजस्थान में बहन-बेटियों की दयनीय स्थिति की हकीकत स्वयं ही बयां करते रहे, लेकिन कांग्रेस सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली प्रियंका गांधी भी राजस्थान की धरा पर आकर पर्यटक की भांति भ्रमण करती रहीं और महिला अपराधों पर मौन रही। राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि इतना ही नहीं महिला दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं को रोकने की बजाए सरकार में रहे जिम्मेदार मंत्री राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताकर दुष्कर्मियों का हौसला बुलंद करते रहे और महिलाओं की सुरक्षा को हाशिये पर रख दिया।

### अपराधियों की कमर तोड़ना ही पहली प्राथमिकता

राठौड़ ने कहा कि 5 सालों में ऐसा कोई भी दिन नहीं गुजरा है जब दुष्कर्म की घटनाएं घटित नहीं हुई हो। राठौड़ ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में दुष्कर्म, हत्या, अपहरण, गैंगस्टर और भ्रष्टाचार जैसी घटनाएं कांग्रेस सरकार ने प्रदेशवासियों को विरासत में देने का कुकृत्य किया है जिसे जड़ से खत्म करना और अपराधियों की कमर तोड़ना ही भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी। भाजपा के सुशासन में बहन-बेटियां बिना किसी डर के कहीं भी आ जा सकेंगी और अपराधी अपराध करने से पहले लाख बार सोचने को विवश होगा।

### BJP राज शुरू होने से पहले ही होने लगे अपराध

पूर्व कांगेस विधायक ममता भूपेश ने जेके लॉन अस्पताल में रेप पीड़िता बच्ची के परिजन से मुलाकात की और चिकित्सकों से बच्ची का हाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को बच्ची के इलाज में गम्भीरता बरतने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि भाजपा राज शुरू होने से पहले ही अपराध होने लग गए है। घर बैठे लोगों को गोली मारी जा रही है तो बच्चियों के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं। उन्होंने मामले में तुरंत अपराधियों को पकड़ने और फास्ट टेक कोर्ट में सुनवाई करने की मांग की।

---

**गोगामेड़ी हत्याकांड: पुलिस ने गवाहों को सुरक्षा उपलब्ध कराई**

# चौथे दिन भी नहीं लगा हत्यारों का सुराग, जगह-जगह दी दबिश


**बेधड़क | जयपुर**

श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों का पुलिस को चौथे दिन भी सुराग नहीं लगा। जबकि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए करीब 15 आईपीएस अफसर व 25 से ज्यादा आरपीएस अफसर समेत करीब 150 पुलिसकर्मियों की टीमें लगी हुई हैं।

दूसरी ओर इस प्रकरण में राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर आनंदपाल सिंह की बेटी चरणजीत सिंह उर्फ चीनू की भूमिका सामने आई है, हालांकि इसको लेकर चीनू ने शुक्रवार को एक फेसबुक विडियो जारी कर मामले में अपनी सफाई दी। वीडियो में चीनू कर रही है कि इसमें मेरा कोई रोल नहीं है।' हालांकि यह पुलिस जांच का विषय है। वहीं हत्याकांड के बाद पुलिस पूरे मामले की गुत्थी सुलझाने में लगी है।

हालांकि अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नही हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस जल्द ही इस मामले में कोई बड़ा खुलासा करेगी। उधर, पुलिस ने गोगामेडी के परिजनों व अन्य गवाहों को सुरक्षा उपलब्ध कराई है।

**मामले को आनंदपाल से जोड़ने को बेटी चरणजीत उर्फ चीनू ने बताया गलत**





### हरियाणा के साथ ही दिल्ली में भी तलाश

पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार जयपुर में वारदात को अंजाम देने के बाद ये बदमाश दिल्ली होते हुए हरियाणा की सीमा में दाखिल हुए और अब वहां फरारी काट रहे हैं। पुलिस उन्हें हरियाणा के साथ ही दिल्ली में भी तलाश कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम पर गौर करें तो दो बातें सामने आती हैं। पहली यह ही सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की साजिश बहुत शातिर तरीके से रची गई और न केवल हत्या बल्कि हत्या के बाद बाद बदमाशों के फरार होने की प्लानिंग भी पहले से तय थी। दूसरी अहम बात यह है कि राजस्थान में आपराधिक वारदात की साजिश हो या वारदात के बाद बदमाशों के फरारी काटने का मामला। दोनों ही हालात में बदमाशों का हरियाणा से कहीं न कहीं कनेक्शन सामने आ ही जाता है।

### अस्पताल से घायलों से मिले कई नेता

मामले की निष्पक जांच व आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को भाजपा नेता मदन दिलावर, अखिल भारतीय खटीक समाज (रजि।) के प्रदेशाध्यक्ष कांतिलाल चंदेल व भगवान सहाय सांवरिया सहित समाज के अन्य लोगों ने राज्यपाल कलराज मिश्र को ज्ञापन दिया। इससे पहले आदर्श नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्यशी समाजसेवी रवि नैय्यर ने एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड में घायल गनमैन नरेंद्र सिंह और अजीत सिंह, स्कूटी चालक हेमराज सोयल के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे। उनके साथ में जयपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ ललित सिंह सांचौरा, उपाध्यक्ष भंवर सिंह एवं गजेंद्र सिंह और अखिल भारतीय खटीक समाज प्रदेश अध्यक्ष कांति लाल चंदेल भी मौजूद थे। घायलो के परिजन से मिलकर उन्होंने भाजपा सरकार से हर संभव सहायता दिलवाने का वादा किया।

---

**पार्टी की हार पर ली जिम्मेदारी**

## 'आप' के मुख्य प्रवक्ता गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में विधानसभा चुनावो में करारी हार को लेकर आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता योगेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। गुप्ता ने पार्टी के प्रभारी नवीन मिश्रा और प्रदेश अध्यक्ष नवीन जैन को अपना इस्तीफा एक पत्र लिखकर भेजा है।



उन्होंने पत्र में लिखा है कि संगठन से प्राप्त निर्देशानुसार, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता के रूप में मैंने मीडिया के समक्ष विधानसभा चुनाव में बहुमत के साथ सरकार बनाने और प्रमुख राजनीतिक शक्ती के रूप में उभरने संबंधी बयान दिए थे, लेकिन परिणाम बेहद निराशाजनक रहे हैं। मुख्य प्रवक्ता के रूप में दिए बयानों की जिम्मेदारी लेते हुए मैं नैतिकता के आधार पर मैं राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता पद से त्यागपत्र देता हूं। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि आपने इस पद के योग्य समझ कर मुझे मौका दिया इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि भविष्य में मैं पार्टी के साधारण कार्यकर्ता के रूप में मैं आगे भी पार्टी को अपनी यथा योग्य सेवाएं देता रहूंगा। गौरतलब है कि दो राज्यों में पूर्ण बहुमत की सरकार होने के बावजूद भी प्रदेश में आम आदमी पार्टी अपना अस्तित्व खड़ा नहीं कर पाई। प्रदेश में विधानसभा चुनावों में आप पार्टी को नोटा से भी कम वोट प्राप्त हुए हैं। वहीं चुनावों में पार्टी कोई खास असर नहीं दिखा पाई।

## बोहरा की रेल मंत्री से मुलाकात

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर शहर से भाजपा के सांसद रामचरण बोहरा ने शुक्रवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। सांसद बोहरा ने सिख समुदाय की लंबे समय से चल रही मांग अजमेर से अमृतसर चलने वाली ट्रेन का नाम बदलकर "हरमिन्दर साहिब एक्सप्रेस" करने का आग्रह किया।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मांग ने रेलवे के अधिकारियों को संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

---

**अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने दिए दिशा-निर्देश**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर राज्य स्तरीय समिति गठित

**बेधड़क | जोधपुर**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने एक परिपत्र जारी कर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं।

कार्यक्रम को लेकर क्रियान्वयन एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय समिति गठित की गई है। यह समिति केंद्र सरकार की ओर से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों की निचले स्तर तक पालना सुनिश्चित



करवाएगी। वहीं यह समिति जिला स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करेगी और डे नोडल ऑफिसर से समन्वय करते हुए जिला स्तर से ही पोर्टल पर विभिन्न गतिविधियों में अर्जित उपलब्धियों का इंद्राज करवाना सुनिश्चित करेगी। इसी प्रकार कार्यक्रम के ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर तक सुचारू संचालन के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय समितियां भी गठित की गई हैं।

इस यात्रा में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम के तहत रोगियों की स्क्रीनिंग, पंजीकरण, कार्ड वितरण एवं जागरूकता आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों का विकसित भारत संकल्प यात्रा पोर्टल पर इंद्राज भी किया जाएगा।

---

**रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन का फैसला**

## कलोल स्टेशन पर ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

**बेधड़क | उदयपुर**

रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा के लिए साबरमती-दौलतपुर चौक-साबरमती, अहमदाबाद-जम्मूतवी-अहमदाबाद और बान्द्रा टर्मिनस-जैसलमेर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस रेलसेवाओं का कलोल स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर ठहराव किया जाएगा।




उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने बताया किगाड़ी संख्या 19411, साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 8 दिसम्बर से साबरमती से रवाना होगी और कलोल स्टेशन पर 10 बजे आकर 10.2 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं गाड़ी संख्या 19412, दौलतपुर चौक-साबरमती एक्सप्रेस रेल सेवा जो दिनांक 07 दिसम्बर से दौलतपुर चौक से प्रस्थान कर कलोल स्टेशन पर 14.28 बजे आकर 14.30 बजे प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 19223, अहमदाबाद-जम्मू तवी एक्सप्रेस 8 दिसम्बर को अहमदाबाद से प्रस्थान कर कलोल स्टेशन पर 11.38 बजे आकर 11.40 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं गाड़ी संख्या 19224, जम्मूतवी-अहमदाबाद एक्सप्रेस रेल सेवा जो दिनांक 7 दिसंबर से जम्मूतवी से स्थान करकलोल स्टेशन पर 12.35 बजे आकर 12.37 बजे प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 22931, बांद्रा टर्मिनस-जैसलमेर एक्सप्रेस 8 दिसंबरको बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान कर कलोल स्टेशन पर 20.15 बजे आकर 20.17 बजे प्रस्थान करेगी।

---

**पदोन्नति के नियम बदले, लेकिन जारी नहीं हुआ गजट नोटिफिकेशन**

# पढ़ाई पर शिक्षा विभाग की लेटलतीफी भारी, तीन सत्रों से डीपीसी लंबित

**श्रवण भाटी | बेधड़क**

**जिले के 1198 स्कूलों में प्राचार्य के 61, व्याख्याता के 442 व वरिष्ठ अध्यापक के 667 पद रिक्त**

**जयपुर।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों में शिक्षा विभाग की लेट-लतीफी स्टूडेंट्स पर भरी पड़ रही है। प्रदेश के 19545 सरकारी स्कूलों में करीब एक लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं।

वहीं अध्यापक और वरिष्ठ अध्यापकों की पिछले साढ़े तीन साल से डीपीसी नहीं होने से भी कई पद खाली हैं। कांग्रेस सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक में पदोन्नति में नियमो में भी संशोधन किया गया है, लेकिन अभी तक गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं होने से डीपीसी नहीं हुई। हालांकि



राजभवन से पदोन्नति के नए नियम अप्रूव हो चुके हैं। प्रदेश में विधानसभा चुनावों के कारण दो महीने आचार संहिता लगने से भी विभागीय कार्य नहीं हो पाया। ऐसे में अब 11 दिसंबर से शुरू हो रही अर्धवार्षिक परीक्षाओं में स्टूडेंट्स को परेशानी का सामान करना पड़ रहा है। स्कूलों में कई विषय के पद खाली हैं। वहीं अध्यापकों की चुनावी ड्यूटी लगने से भी समय पर कोर्स पूरा नहीं हो पाया। ऐसे में अब बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नए सत्र में हो पाएगी शिक्षकों की कमी दूर

शिक्षा विभाग में तीन वर्षों की अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक व वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की पदोन्नति बकाया चल रही है। राज्य के जिन सरकारी स्कूलों में व्याख्याता के पद रिक्त हैं, वहां वरिष्ठ अध्यापक ही अध्यापन करवा रहे हैं। वहीं, व्याख्याता भर्ती परीक्षा हो चुकी है। परिणाम आने के बाद आधे से अधिक विषयों की नियुक्ति प्रक्रिया चुनाव आचार संहिता के कारण रुक गई है। अब शेष विषयों के व्याख्याता चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद मिलेंगे। वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की तीन सत्रों की बकाया पदोन्नति इस माह में हो तो कुछ राहत मिल सकती है। जयपुर जिले की 1198 स्कूलों में प्राचार्य 61,व्याख्याता 442 व वरिष्ट अध्यापक के 667 पद रिक्त हैं।

### माध्यमिक शिक्षा विभाग में रिक्त पद

| पदनाम | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| प्रधानाचार्य | 17162 | 11159 | 5943 |
| व्याख्याता | 55351 | 39423 | 15928 |
| वरिष्ठ अध्यापक | 87904 | 60060 | 27844 |
| अध्यापक लेवल 2 | 49868 | 37901 | 11967 |
| अध्यापक लेवल 1 | 51659 | 42525 | 9134 |
| प्रशिक्षक व शा. शिक्षक | 15639 | 12874 | 2765 |
| लैब असिस्टेंट | 4995 | 3909 | 1086 |
| कुल | 282578 | 207851 | 74667 |

(आंकड़े 18 नवंबर तक के लिए गए हैं।)

## जरूरी खबर

### सतर्कता टीम ने सरकारी भूमि से हटाए कब्जे



**जयपुर।** हेरिटेज निगम की सतर्कता टीम ने शुक्रवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। इस संबंध में सतर्कता के मुख्य प्रवर्तन अधिकारी सुरेश महरानियां ने बताया कि टीम ने कार्रवाई करते हुए मंगोड़ी की बगीची लक्ष्मीनारायणपुरी से अवैध बाउंड्रीवॉल को ध्वस्त कराया। साथ ही केजीबी का रास्ता में सरकारी भूमि पर बनाई दीवार ध्वस्त करवाई। वहीं, रेवड़ी की कोठी, कब्रिस्तान की भूमि पर बनाए एक कमरे और बाथरूम को ध्वस्त किया। इसके अलावा टीम ने स्पेस सिनेमा के पास एमबी स्वीट्स से अस्थाई अतिक्रमण हटाकर पांच हजार रुपए का केरिंग चार्ज वसूला है।

### पुलिस उपायुक्त ने रामबाग पर किया गुमटी का उद्घाटन



**जयपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात लक्ष्मण दास ने रामबाग चौराहे पर एक निजी अस्पताल के सहयोग से बनी गुमटी का गुरुवार को शुभारंभ किया। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि आमजन को यातायात से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान, दुर्घटना के दौरान मदद आदि के लिए यह गुमटी खासी सहायक साबित होगी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी 8 से 12 घंटे तक की होती है। ऐसे में धूप और बारिश से उन्हें राहत मिल सकेगी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने हॉस्पीटल को पुलिस को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। हॉस्पिटल के जवाहर सर्किल एवं सांगानेर के सीईओ डॉ. प्राचीश प्रकाश एवं सीनियर जीएम नितेश तिवारी ने आगे भी सीएसआर के तहत मदद देने के लिए आश्वस्त किया।

**शातिपूर्ण चुनाव संपन्न, आज की जाएगी मतों की गणना**

# HC बार एसोसिएशन में 87.38% और सेशन में 82.75% पड़े वोट

**बेधड़क | जयपुर**

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के वन बार, वन वोट के निर्देश पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर, दी बार एसोसिएशन जयपुर, दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर और सांगानेर बार एसोसिएशन सहित अन्य बार एसोसिएशनों के 2023-24 के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुए।

इस दौरान जयपुर में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में 87.38 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें कुल 4660 अधिवक्ताओं में से 4,072 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। वहीं, सेशन कोर्ट की दी बार एसोसिएशन जयपुर में 82.75 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 5,473 अधिवक्ताओं में से 4,529 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। इनमें एक टैंडर वोट भी पड़ा। दोनों बार में शनिवार सुबह 10 बजे से काउंटिंग होगी। चुनाव के दौरान सभी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं को रिझाते हुए नजर आए। इस दौरान कलेक्टेट सर्कल पर दिन भर जाम की हालत बनी रही।

### चाकसू में निर्विरोध हुए चुनाव

जयपुर की चाकसू बार में निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए। यहां एनएल शर्मा को अध्यक्ष, दुर्गा प्रसाद बैरवा को महासचिव और अधिवक्ता मुकेश मामोड़िया को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं, जयपुर की कलेक्ट्री बार (दी डिस्ट्रिक एडवोकेट बार एसोसिएशन जयपुर) में मतदान प्रतिशत 89.92 प्रतिशत रहा। यहां 1268 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। यहां कुल वोटर 1410 थे। इसी तरह से सांगानेर एडवोकेट्स बार में मतदान प्रतिशत सबसे ज्यादा 97.75 प्रतिशत रहा। यहां कुल 356 वोटर्स में से 348 वोटर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



### हाईकोर्ट बार एसो. में अध्यक्ष के 5 प्रत्याशी

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर चुनाव संचालन अधिकारी मणीन्द्र कुमार कौशिक, हरेन्द्र सिंह सिनसिनवार और राजेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रहलाद शर्मा, महेन्द्र शांडिल्य, ऋषिराज राठौड़, इन्द्रेश शर्मा व राजीव कुमार सोगरवाल तथा महासचिव पद पर डॉ. संजय खेदड़, सुशील पुजारी, धर्मेन्द्र जैन, रोहित शर्मा, अंकित सेठी, रमित पारीक, सुनील जाखड़ और डॉ. रामरूप मीना मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद पर निखिलेश कटारा, अशोक कुमार यादव, बाबूलाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा और संदीप कुमार मीना तथा संयुक्त सचिव पद पर सौरभ दुबे, शेखर शशांक पचौरी, चित्रांक शर्मा, कुलदीप शर्मा और कोषाध्यक्ष पर प्रीति शर्मा व योगेश टेलर खड़े हैं।

### दी बार एसो. में अध्यक्ष के 8 उम्मीदवार मैदान में

दी बार एसोसिएशन जयपुर चुनाव 2023-24 की संचालन समिति के अधिकारी योगेन्द्र सिंह तंवर, वीरेन्द्र कुमार यादव और दिलीप सिंह सिहाग ने बताया कि चुनाव में अध्यक्ष पद पर संदीप लुहाड़िया, पवन शर्मा, भूपेन्द्र भारद्वाज, सोमेश शर्मा, लोकेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा डांगरवाडा, विजय सिंह पूनिया व सुरेन्द्र सिंह राजावत तथा महासचिव पद पर राजकुमार शर्मा, मनीष गगरानी, पंकज शर्मा, विक्रम सिंह परिहार, अर्जुन राजपुरोहित, कुल भूषण गौड़, सुनील गुप्ता, रेखा कच्छावा और पुष्पेन्द्र कुमार भारद्वाज मैदान में हैं।

**बदला पाला: कार्रवाई से बचने के लिए लगा रहे हैं बधाई के बैनर**

# नेताओं को साधने में जुटे भूमाफिया ताकि चलता रहे उनका 'कारोबार'

**बेधड़क | जयपुर**

चुनाव की आड़ में शहर में धड़ल्ले से अतिक्रमण हुए। अधिक पैसा कमाने की लालसा में भूमाफियाओं ने नियमों को ताक में रख कर बिल्डिंगें खड़ी कर ली। यह 'अवैध धंधा' लगातार चलते रहे इसके लिए अब ये भूमाफिया जीतने वाले जनप्रतिनिधियों को साधने में जुट गए हैं। उनको बधाइयां देने वाले बड़े-बड़े बैनर और होर्डिंग्स लगाकर खुद को उनका खास समर्थक साबित कर रहे हैं। कुछ भूमाफिया जो पिछली सरकार के साथ थे, अब गवर्नमेंट बदलने के साथ ही पाला बदल रहे हैं। चुनाव से पहले जहां लोग तत्कालीन जनप्रतिनिधि को बधाई संदेश दे रहे थे, वहीं अब नए नेताजी को साध रहे हैं। उनके पोस्टर्स लगा रहे हैं।

### ग्राहकों को लुभाने का भी प्रयास

दरअसल बैनर और पोस्टर्स लगाने के पीछे मार्केटिंग का भी बड़ा लॉजिक बना रखा है। चुनाव जीतते ही भूमाफिओं ने पोस्टर्स लगा जनप्रतिनिधियों को बधाई देना शुरू कर दिया। इसके चलते जिम्मेदार विभाग भी इन भूमाफियाओं पर इस डर से कार्रवाई करने से बच रहे हैं कि पता नहीं कौन से नेताजी के खास हों।



### अतिक्रमण की आई बाढ़, विभाग भी बेबस

जेडीए और नगर निगम की सतर्कता शाखा शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन ये नाकाफी साबित हो रहे हैं। संसाधनों के अभाव और राजनीतिक दबाव के चलते सतर्कता शाखा सभी जगहों पर कार्रवाई नहीं कर पाता है। वहीं, प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों के कारण पिछले दो से तीन माह में शहर भर में कई स्थानों पर अवैध बिल्डिंगें खड़ी हो गई हैं। भूमाफिया बिना भूरूपान्तरण किए नियामों को ताक में रख कर निर्माण किए जा रहे हैं। हैरत की बात ये है कि इनमें कई भूमाफियों के खिलाफ रोज जेडीए और नगर निगम में शिकायतें दर्ज हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि के सपोर्ट के चलते अधिकारी भी कार्रवाई से बच रहे हैं।

### सबसे ज्यादा यहां हो रहे अवैध निर्माण

इकोलॉजिकल जोन के जयसिंहपुरा खोर, आगरा रोड पर पालड़ी मीणा, जामड़ोली, टोंक रोड पर प्रताप नगर, कुम्भा मार्ग, वाटिका, रिंग रोड के आस-पास, कालवाड़ रोड पर सिरसी-बिंदायका, करधनी, सीकर रोड पर रामपुरा, राजावास आदि इलाकों में धड़ल्ले से अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। इन जगहों पर कई निर्माणों पर जनप्रतिनिधि को बधाई देते हुए पोस्टर्स और बैनर लगाए गए हैं।

### हेरिटेज इमारतों में भी किए अवैध निर्माण

चुनाव की आड़ में परकोटे में भी खूब निर्माण हुए। हेरिटेज सिटी को विश्व विरासत का तमगा मिलते ही किसी भी प्रकार के नए निर्माण पर रोक लगी हुई है, फिर भी राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण इन अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने शिकायतें भी दी, लेकिन अधिकारियों ने शिकायतों को अनसुना कर दिया। एक अधिकारी ने नाम नही छापने की शर्त पर कहा कि कार्रवाई कैसे करें, जैसे ही टीम पहुंचती है बड़े नेताओं के फोन आने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है।

**निगम ग्रेटर की कार्रवाई**

## महापौर के निर्देश पर बिना लाइसेंस चल रही मीट शॉप्स बंद करवाई



**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के निर्देश पर शुक्रवार को डिग्गी मालपुरा रोड सांगानेर और मानसरोवर थड़ी मार्केट, वरुण पथ पर अवैध रूप से चल रही करीब 12 मीट की दुकानों और बूचड़खानों पर उपायुक्त पशु प्रबंधन डॉ. हरेन्द्र के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि ग्रेटर निगम को शिकायत मिल रही थी, ऐसे में शुक्रवार को अभियान चलाकर डिग्गी मालपुरा रोड सांगानेर और मानसरोवर थड़ी मार्केट, वरुण पथ पर 45 मीट की दुकानों के लाइसेंस चैक किए गए, जिनमें से एक दर्जन दुकानों के पास लाइसेंस नहीं होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई गई कि ऐसी अवैध मीट की दुकानों पर नगर निगम द्वारा नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

महापौर ने बताया कि अभियान चलाकर समय-समय पर अवैध रूप से संचालित मीट की दुकानों पर कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान 40 किलो अवैध मीट जब्त किया गया इसके साथ ही बड़ी मात्रा में मछली एवं मुर्गियों को भी जब्त किया गया।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 10 से**

## 5.5 लाख बच्चे पीएंगे दो बूंद जिंदगी की

**बेधड़क | जयपुर**

उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की शुरुआत जिले में 10 दिसंबर से की जाएगी। इस महाअभियान में जिले के नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के पांच लाख 50 हजार से अधिक नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान जिले में 10 दिसंबर को प्रारंभ होगा।



टीकाकरण का समय सुबह 8 से सायं 5 बजे तक रहेगा। उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के पहले दिन 10 दिसंबर रविवार को जिले में स्थापित किए गए 3320 बूथों पर बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी।

इसके बाद अगले दो दिन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाएगी।

कार्यवाहक जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. धर्मेंद्र कराड़िया ने बताया कि पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में कुल 7184 वोलेंटियर, 543 सुपरवाइजर अपनी सेवाएं देंगे। इसमें 120 मोबाइल टीमें और 120 ट्रांजिक्ट टीमें कार्य करेंगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी।

**7 माह बाद भी नहीं आया LSA भर्ती का परिणाम**

## लेटलतीफी चयन बोर्ड की, भुगतें अभ्यर्थी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में चयन बोर्ड की लेटलतीफी का खमियाजा हजारों बच्चों को भुगतना पड़ रहा हैं। चयन बोर्ड द्वारा करीब एक साल पहले 1436 पदों पर करवाई गई पशुधन सहायक (एलएसए) भर्ती का परिणाम जारी नहीं हुआ।

गौरतलब है कि भर्ती में एक प्रश्न को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। भर्ती परीक्षा में राजस्थान का सबसे बड़ा थर्मल पावर स्टेशन का बोर्ड ने आंसर माना छाबड़ा माना, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस




आंसर को गलत ठहराते हुए उत्तर सूरतगढ़ माना। अभ्यर्थी देवेंद्र ने बताया कि पेपर 4 जून को हुआ था, लेकिन प्रश्न के विवादों को लेकर स्टूडेंट्स ने हाई कोर्ट का सहारा लिया। हाई कोर्ट ने 2 फरवरी को फैसला सुनाते हुए बोर्ड का आंसर गलत माना। हाई कोर्ट ने आंसर चेंज करते हुए सम्पूर्ण रिजल्ट वापस जारी करने के लिए निर्देश दिए थे, लेकिन बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट मे एसएलपी लगा दी।

सुप्रीम कोर्ट ने 2 को मई को हाई कोर्ट के डिसीजन को सही बताया था। ऐसे में करीब 7 महीने में बीत जाने के बाद भी बोर्ड ने परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया। देवेंद्र ने बताया कि बोर्ड ने अगर जल्द ही परिणाम जारी नहीं किया तो प्रदर्शन किया जाएगा।

**15 तक जारी रहेगा तापमान में उतार चढ़ाव**

# जयपुर का थोड़ा पारा चढ़ा तो शहर में नरम पड़ी सर्दी

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में शुक्रवार को लोगों को सर्दी से मामूली राहत मिली। शुक्रवार को जयपुर का न्यूनतम तापमान 1 डिग्री बढ़ोतरी के साथ 12.5 पर पहुंचा।

जयपुर के ग्रामीण इलाकों में मौसम साफ रहा। मौसम विभाग की मानें तो तापमान में उतार चढ़ाव का यह दौर 15 दिसंबर तक चलेगा। उसके बाद तापमान में गिरावट के साथ ही सर्दी बढ़ेगी। जयपुर में शुक्रवार सुबह कोहरा छाये रहने से आवागमन बाधित रहा। हालांकि, जैसे-जैसे धूप खिली लोगों को सर्दी से राहत मिली।

शहर के मालवीय नगर, प्रताप नगर, सांगानेर, वैशाली नगर, मुरलीपुरा, सोडाला, सीकर रोड, आमेर, मानसरोवर, झोटवाड़ा सहित आस पास के इलाकों में अलसुबह कोहरा छाया रहा। सुबह कोहरे व ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव जलाकर सर्दी से निजात पाते दिखे।



### गर्म तासीर वाले व्यजंनों की बढ़ी बिक्री

इधर, सर्दी के बढ़ने के साथ ही शहर की दुकानों पर गर्म तासीर वाले व्यंजनों की बिक्री बढ़ गई है। लोग सर्दी से निजात पाने के लिए गुड़ से बने फूड आइटम्स के अलावा गजक, तिलपट्टी, मूंगफली, तिल के लड्डू, रेवड़ी की बिक्री कर रहे है। इसके अलावा सर्दी से निजात के लिए गर्म व ऊनी वस्त्रों की खरीद के लिए दुकानों पर भीड़ देखी गई।

### रैन बसेरों में भी दिखने लगी चहल-पहल

जैसे-जैसे सर्दी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं, राजधानी में नगर निगम की ओर संचालित रैन बसेरों में रात्रि विश्राम के लिए लोगों की आवाजाही में बढ़ोतरी देखी जा रही है। नगर निगम प्रशासन की ओर से इन रैन बसेरों में गरीब लोगों के सर्दी से बचाव के साथ ही रात गुजारने की व्यवस्था कर रखी है। इसके लिए यहां पर यहां रजाई गद्दे रखे गए हैं। इसके अलावा तेज सर्दी होने पर बचाव के लिए हीटर भी लगवाए हैं। इसके साथ ही इनमें भामाशाहों के सहयोग से भोजन की भी व्यवस्था की गई है, ताकि रैन बसेरों में आने वाला कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोए।

**जनता को करेंगे जागरूक**

## कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने को निकालेंगे संकल्प यात्रा

**बेधड़क | जयपुर**

भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी राजस्थान के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 14 दिसंबर से प्रारंभ होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवम्बर को झारखण्ड के खूंटी से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्पूर्ण देश में नागरिकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने वाली एक परिवर्तनकारी अभियान बनकर उभरी है। यात्रा का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के तहत योजना में विशेष रूप से डिजाईन की गई आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) वैन राजस्थान प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों से गुजरेगी। इस दौरान केन्द्र सरकार की समस्त कल्याणकारी योजनाओं के कैम्प का आयोजन कर ऑन-स्पॉट सेवाएं जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। संकल्प यात्रा के संबंध में समस्त विभागों, जिला प्रशासन, नगरीय निकायों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

## जरूरी खबर

### पंचतत्व में विलीन हुआ झुंझुनूं का लाल मनोज



**झुंझुनू।** मंडावा क्षेत्र के शेखसर गांव के रहने वाले सेना के हवलदार मनोज डूडी का ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। मनोज महाराष्ट्र के नासिक में तैनात थे। शुक्रवार को हवलदार मनोज डुडी की पार्थिव देह झुंझुनू मुख्यालय पहुचीं। जवान के सम्मान में युवाओं ने जिला मुख्यालय से उनके पैतृक गांव तक तिरंगा रैली के साथ अंतिम यात्रा निकाली। पैतृक गांव में जवान को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

### शादी के दौरान हर्ष फायरिंग, आरोपी का वीडियो वायरल

**भरतपुर।** जिले के उच्चैन पुलिस थाना क्षेत्र के गांव विलानचट्टपुरा में हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने अपनी चचेरी बहन की शादी में पिस्टल से दो राउंड फायर किए। शादी समारोह में शरीक लोगों ने यह वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी के मुताबिक पांच दिसंबर को गांव विलानचट्टपुरा में मंडोला की पुत्री की शादी थी। विदाई के समय कार में बैठी दुल्हन से उसका चचेरा भाई पिस्टल से हर्ष फायरिंग करवाने का प्रयास करता है, लेकिन दुल्हन पिस्टल नहीं चला पाई तो युवक ने पिस्टल से दो राउंड हवाई फायर कर दिए। पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है।

### रोडवेज बस पलटी हादसे में एक यात्री की मौत, 14 घायल



**बूंदी।** हिंडोली इलाके में नेशनल हाईवे 52 पर बाइक को बचाने के चक्कर में रोडवेज बस हादसे का शिकार हो गई। हादसे में 10 से ज्यादा यात्रियों को चोटें आई हैं। घायल लोगों को इलाज के लिए बूंदी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ये बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार भी चोटिल हो गया है। बस दुर्घटना में घायल निवाई निवासी गोविंद राम की हालत गंभीर होने के चलते कोटा रेफर किया गया था जहां एमबीएम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। हिंडोली थाना अधिकारी मनोज सिंह सिकरवार ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 1:20 बजे के आस-पास ढाकली मोड़ के पास हुआ।

---

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूरे राजस्थान में एक ही दिन सभी अधिवक्ता संगठनों के चुनाव

# प्रदेशभर में बार एसोसिएशन के लिए वकीलों ने किया मतदान

**बेधड़क** | जोधपुर



वन बार वन वोट को लेकर सुप्रीम कोर्ट और राजस्थान हाईकोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सहित प्रदेश की सभी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुए। चुनावों की मतगणना शनिवार 9 दिसंबर को की जाएगी। वहीं कई जिलों के परिणाम शुक्रवार देर रात तक जारी हो गए।

प्रदेश की करीब 250 एडवोकेट बार एसोसिएशन के लिए आज वोटिंग हुई। जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स व एडवोकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी के लिए झालामंड व हेरिटेज परिसर में चुनाव के लिए मतदान शाम 5 बजे तक हुआ।

कलेक्ट्रेट स्थित हेरिटेज परिसर में एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव के लिए कुल 3 बूथ बनाए गए थे। एक बूथ झालामंड परिसर में था। कुल 4762 वकील वोटर्स में से 3042 ने मताधिकार का उपयोग किया। इसमें से 3728 वकील एडवोकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी के वोटर थे जिनमें से 2912 वोट डाले गए।

#### सीनियर एडवोकेट रघुवीर सिंह बीकानेर बार के अध्यक्ष निर्वाचित

बीकानेर के सीनियर एडवोकेट रघुवीर सिंह बीकानेर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो गए हैं। सोलह सौ तीन वकीलों ने अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया। इसमें रघुवीर सिंह को 1603 मत में 691 वोट मिले हैं जबकि दूसरे नंबर पर रहे मनोज भादाणी को 641 वोट मिले। पचास वोट से रघुवीर सिंह को विजयी घोषित किया गया।

#### शिवेंद्र दौसा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

दौसा जिला बार एसोसिएशन के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुए। अध्यक्ष पद पर शिवेंद्र कुमार शर्मा निर्वाचित हुए। जबकि महासचिव पद पर रूपनारायण मीणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर जितेंद्र कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष के पद पर नरेश कुमार महावर, संयुक्त सचिव के पद पर योगेश कुमार सैनी तथा पुस्तकालय अध्यक्ष के पद पर दीपक कुमार शर्मा ने सफलता हासिल की।

#### इन्होंने जीत दर्ज की

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में टोंक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर विजय बहादुर सिंह निर्वाचित हुए। वहीं कैलाश माली को उपाध्यक्ष बनया गया। पीलीबंगा(हनुमानगढ़) में नंदराम धारणिया अध्यक्ष सचिव पद पर भगवान दास विजयी रहे। इसी तरह हनुमानगढ़ में नरेंद्र सिंह माली अध्यक्ष और भूपेंद्र सिंह व राहुल बिस्सा उपाध्यक्ष, मोहित सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। चंद्र विजय सिंह ब्यावर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने। नितेश वर्मा उपाध्यक्ष व बाल किशन गोठवाल कोषाध्यक्ष चुना गया। बालोतरा में उमेदसिंह अध्यक्ष पद पर हुए निर्वाचित तो उपाध्यक्ष पद पर करण सिंह ने जीत की दर्ज। वंही सचिव पद पर सोहनलाल व कोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार ने जीत दर्ज की।

#### सैकड़ों वकीलों ने किया मतदान

सीकर में भी कोर्ट परिसर में बने कॉन्फ्रेंस हॉल में मतदान हुआ। अभिभाषक संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए जगदीशचंद्र गठाला और नवीन शर्मा, उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक पंवार, मोहम्मद रफीक गौड़, संयुक्त सचिव पद के लिए धर्मेंद्रसिंह कुड़ी, प्रवीण कुमार स्वामी, कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार सैनी, कपिल चौधरी के बीच मुकाबला है।

---

### दौसा में शर्मसार करने वाली घटना, आरोपी फरार

# शादी समारोह में आई 6 साल की मासूम से होटल में हुआ रेप

- होटल में सीसीटीवी नहीं होने से पुलिस को हो रही परेशानी

**बेधड़क** | दौसा

दौसा से एक 6 साल की मासूम बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मासूम बच्ची अपने परिवार के साथ दौसा एक शादी समारोह में आई थी और सभी एक होटल में ठहरे हुए थे।

घटना की सूचना मिलते ही जयपुर रेंज के आईजी उमेश चंद्र दत्ता, एसपी वंदिता राणा सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना किया। पीड़ित परिवार के मुताबिक उन्हें जैसे ही बच्ची को लहूलुहान हालत में देखा तुरंत ही वो जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जयपुर के जेके लोन अस्पताल रेफर कर दिया गया। आईजी और एसपी सहित कई अधिकारियों ने घटना स्थल पहुंचकर जांच की और होटल में किसी के भी प्रवेश पर पाबंदी लगा दी। इसके अलावा एफएसएल, डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाकर जांच कराई गई। वहीं, बच्ची के पिता ने दौसा के महिला थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया है। बेटी के साथ हुई इस घटना के बाद परिवार काफी परेशान है और पुलिस से आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

**बच्ची को लहूलुहान हालत में अस्पताल में कराया भर्ती**




#### जयपुर किया रेफर

दौसा के जिला अस्पताल में मासूम बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जयपुर के जेके लोन अस्पताल में रेफर किया गया। इधर घटना की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर दौसा की एसपी वन्दिता राणा और महिला अपराध एवं अनुसंधान सेल के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा पहुंचे और मौका मुआयना किया। इधर जयपुर के जेके लोन अस्पताल में भी दौसा के एएसपी बजरंग सिंह शेखावत और जयपुर रेंज के आईजी उमेश चंद्र दत्ता पहुंचे।अधिकारीयों के साथ महिला थाना पुलिस भी मौजूद रही। घटनास्थल वाले होटल में किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके साथ ही आरोपी की पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

#### पुलिस एक्सपर्ट को बुलाया

आसपास के जिलों के एक्सपर्ट पुलिस अधिकारियों को भी बुलाया गया है। दौसा पुलिस की अनेक टीमें अब आरोपी की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस को होटल में सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलने के कारण आरोपी की पहचान करने में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जयपुर रेंज आईजी का कहना है कि शीघ्र ही आरोपी की पहचान कर ली जाएगी और इस पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। इधर पुलिस ने संदेह के आधार पर शादी समारोह में आए कैटरिंग, हलवाई और शादी की अन्य सर्विसेज से जुड़े लोगों से भी पूछताछ की है।

---

### जोधपुर में पकड़ा गया मुन्नाभाई

## बीएससी नर्सिंग पूरक परीक्षा देने पहुंचा फर्जी परीक्षार्थी

- दस्तावेजों की जांच के दौरान पकड़ा गया



**बेधड़क** | जोधपुर

देश में नए मेडिकल हब के रूप में उभर रहे जोधपुर में शुक्रवार को राजस्थान हेल्थ यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित बीएससी नर्सिंग पूरक परीक्षा देते हुए एक फर्जी परीक्षार्थी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दरअसल यह फर्जी परीक्षार्थी किसी अन्य परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देते हुए डमी परीक्षार्थी बन कर एक्जाम देने पहुंचा था।

जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल परिसर में स्थित राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में परीक्षा के आरम्भ होने से पहले अभ्यर्थियों की जांच के दौरान चेक किए जाने वाले दस्तावेजों के मिलान के समय कॉलेज संचालकों को फर्जी परीक्षार्थी पर संदेह हुआ। जहां कड़ी पूछताछ करने पर फर्जी परीक्षार्थी ने किसी और की जगह परीक्षा देना कि स्वीकार किया। उसके बाद कॉलेज प्रशासन ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी, इसके बाद शास्त्री नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फर्जी परीक्षार्थी को अपनी कस्टडी में लेकर कड़ी पूछताछ की। पुलिस के हत्थे चढ़ा यह फर्जी परीक्षार्थी इसी नर्सिंग कॉलेज से पास आउट रहा है। हालांकि फर्जी परीक्षार्थी ने पैसे लेकर परीक्षा में बैठने की बात स्वीकार नहीं की है। अब पुलिस उससे कड़ाई से पूछताछ भी कर रही है।

---

### तीव्र गति से चल रहा पुनर्विकास का कार्य

## देशनोक रेलवे स्टेशन की 14.18 करोड़ रुपए से बदलेगी सूरत

**बेधड़क** | जोधपुर




उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जोधपुर मंडल के देशनोक रेलवे स्टेशन का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 6 अगस्त 2023 को अन्य 508 स्टेशनों के साथ किया गया था। वहीं मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन पर 14.18 करोड़ से नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं और मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन से यात्रियों को बेहतर और उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान की जाएगी। डीआरएम ने बताया कि देशनोक स्टेशन पर पुरानी स्टेशन बिल्डिंग को तोड़ने का कार्य पूरा किया जा चुका है। नई बिल्डिंग के पास की सिग्नल, टेलीकॉम एवं इलेक्ट्रिक कि केबल प्रणाली को सुव्यवस्थित कर दिया गया है। साथ ही पेयजल की व्यवस्था भी सुचारू रूप से पुनः शुरू कर दी गई है। नई बिल्डिंग का कार्य लगभग लिन्टल लेवल तक कर लिया गया है। स्टेशन पुनर्विकास का कार्य को तीव्र गति किया जा रहा है। जिसमें इस निर्माण कार्य के तहत विशिष्ट अथिति कक्ष, यात्रियों के वाहनों हेतु पार्किंग सुविधा मुख्य द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया इत्यादि का निर्माण कार्य किया जाएगा।

---

### खिड़की के रास्ते अंदर पहुंचा... शोर मचा तो जा दुबका

## गर्ल्स हॉस्टल में घुसा पैंथर, 12 घंटे में पकड़ा

**बेधड़क** | उदयपुर



शहर स्थित गर्ल्स हॉस्टल में 12 घंटे बाद पैंथर की दहशत खत्म हुई, जिसके बाद छात्राओं ने राहत की सांस ली।

दरअसल, उदयपुर के हिरण मगरी थाना क्षेत्र के परमात्मा गर्ल्स हॉस्टल में एक पैंथर घुस गया था, जिस समय पैंथर हॉस्टल में घुसा उस वक्त वहां करीब 10 से 15 छात्राएं मौजूद थीं। ऐसे में छात्राओं ने घबराकर अपने आप को कमरों में बंद कर लिया। हालांकि, इस बीच हॉस्टल में खाना बनाने वाला एक युवक सीढ़ियों की ओर गया, जहां मौजूद पैंथर ने उस पर पीछे से हमला किया, लेकिन उसके शोर मचाने पर पैंथर हॉस्टल के थर्ड फ्लोर पर जाकर दुबक गया। इसके बाद हॉस्टल के केयरटेकर इसकी सूचना हॉस्टल के अन्य स्टाफों व स्थानीय थाने को दी, जिसके बाद हिरण मगरी थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहीं, करीब 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पैंथर को ट्रेंकुलाइज किया जा सका। दरअसल, सुबह 11 बजे हिरण मगरी थाना पुलिस को हॉस्टल में पैंथर के प्रवेश की सूचना मिली, जिसके बाद वन विभाग और पुलिस की टीम हॉस्टल पहुंची।

यहां हॉस्टल में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, जिसमें पैंथर का घूमते नजर आया। साथ ही पता चला कि पैंथर हॉस्टल की खिड़की से अंदर आया था। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पैंथर के लोकेशन को ट्रैक किया और फिरे उसे ट्रेंकुलाइज किया गया।

---

**नाथद्वारा स्थित दिल्ली वाली धर्मशाला का मामला**

# धर्मशाला में साधु की जली हुई लाश मिलने से हड़कंप, जांच शुरू

**बेधड़क** | राजसमंद



जिले के नाथद्वारा में स्थित दिल्ली वाली धर्माशाला में एक पुजारी जली हुई लाश मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक पुजारी पिछले आठ दिनों से नाथद्वारा की इस धर्मशाला में ठहरा हुआ था और शुक्रवार को कमरे में मृत मिला।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि नाथद्वारा के दिल्ली वाली धर्मशाला में चित्तौड़गढ़ के मिठारामजी मंदिर निवासी भगवतदास पुत्र प्रेमदास महाराज अक्सर नाथद्वारा आते रहते थे। पुलिस अधीक्षक जोशी ने बताया कि पुजारी भगवत दास सप्ताह भर या दस दिन तक यहां विश्राम करते और श्रीनाथजी के नियमित दर्शन करते थे। उन्होंने बताया कि पुजारी इस बार भी 1 दिसंबर को नाथद्वारा पहुंचा और दिल्ली वाली धर्मशाला में एक कमरा किराए पर लेकर रुका हुए थे। शुक्रवार को सुबह 11 बजे कमरे से धुआं निकलते देख लोगों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर साधु पूरी तरह जला हुआ मिला। कमरे में एक आधार कार्ड मिला है, जिसमें भगवत दास (75) पुत्र प्रेमदास निवासी मीठारामजी का मंदिर, रेलवे स्टेशन के पास, चित्तौड़गढ़ लिखा है। श्रीनाथजी मंदिर पुलिस थाना एसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि कमरे में साधु भगवत दास 1 दिसंबर से रुके हुए थे। वे अक्सर नाथद्वारा आते थे और देहली वाली धर्मशाला में रुकते थे। वे धर्मशाला के कमरा नंबर 45 में रुके हुए थे। हालांकि शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हुई है। आधार कार्ड और अन्य साक्ष्य के आधार पर माना जा रहा है कि जलने से साधु भगवत दास की मौत हो गई।

#### दरवाजा तोड़कर घुसे अंदर

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब कमरा नंबर 45 से धुआं निकलता दिखाई दिया। कमरा अंदर से बंद था। आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं आया। ऐसे में धर्मशाला में ठहरे अन्य लोग व स्टाफ ने कमरे के पास के कमरा नम्बर 46 का दरवाजा खोला और अन्दर के कनेक्ट दरवाजे को तोड़कर कमरा नम्बर 45 में दाखिल हुए। इस दौरान फर्श पर जला हुआ शव पड़ा था, बॉडी से धुआं निकल रहा था। इसके बाद श्रीनाथजी मंदिर पुलिस थाना को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को कमरे में बुजुर्ग का आईडी कार्ड मिला, जिस पर चित्तौड़गढ़ का एड्रेस लिखा था। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त के बाद ही पता चलेगा कि शव भगवत दास का ही है या किसी और का।

#### मौके से वोटर आईडी और जन आधार कार्ड मिला

मौके पर पहुंचे श्रीनाथजी मंदिर पुलिस थाने के एसआई राजेन्द्र कुमार, हेड कॉन्स्टेबल हीरा राम, कॉन्स्टेबल राहुल व कुलदीप ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मौका मुआयना किया। शव पूरी तरह से जल चुका था। मौके से एक वोटर आईडी व जन आधार कार्ड मिला है। चित्तौड़गढ़ पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है और भगवत दास के बारे में जानकारी मांगी गई है। फिलहाल शव को नाथद्वारा हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पहचान के लिए परिजनों से संपर्क करने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जाएगी।

### करीब 14 हजार प्रतिभागी हुए थे परीक्षा में शामिल

# CSE मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित, इंटरव्यू शेड्यूल जल्द

**बेधड़क** | जयपुर

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इसी वर्ष सितंबर में आयोजित हुई यूपीएससी सीएसई मुख्य परीक्षा का परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जारी किया गया है।







मुख्य परीक्षा में करीब 14 हजार उम्मीदवार उपस्थित हुए थे, जिनके परिणाम हुए हैं। यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू में भाग लेने से पहले डीएएफ-2 फॉर्म भरना होगा। यूपीएससी ने सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 15, 16, 17, 23 और 24 सितंबर, 2023 को दो सत्रों में आयोजित की थी। पहला सत्र सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, और दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चला था।

गौरतलब है कि यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में लगभग 13 लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इनमें से करीब 14 हजार उम्मीदवारों को यूपीएससी मेन्स के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। अब मेन्स में सफल उम्मीदवारों में से अंतिम चयन इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। आयोग की ओर से इंटरव्यू शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा।

#### 28 उम्मीदवारों का रुका परिणाम...

मेन्स के परिणाम में आयोग ने 28 उम्मीदवारों का परिणाम अदालत में लंबित मामलों के कारण रोक लिया है। सभी सफल उम्मीदवारों की अंकतालिकाएं अंतिम परिणाम के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर इंटरव्यू आयोजित करने के बाद आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएंगी और 30 दिनों तक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगी।

#### ऐसे देखें परिणाम

- सबसे पहले UPSC की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जाएं।
- अब होमपेज पर Examinations टैब के बाद ड्रॉप डाउन menu में Active Examinations के सेक्शन में जाएं।
- अब Civil Services (Main) Examination, 2023 Result का ऑप्शन दिखेगा।
- यहां UPSC CSE Mains 2023 Result लिंक (जल्द एक्टिव होगा) पर क्लिक करें।
- रिजल्ट PDF फाइल के रूप में हो सकता है. उस PDF को डाउनलोड करने के बाद खोलें।
- PDF फाइल खुलने के बाद अपना रोल नंबर और नाम डालकर सर्च करें।
- पीडीएफ डाउनलोड करें व भविष्य के लिए प्रिंटआउट लेकर अपने पास रखें।

## Yuva स्टोरीज

### अब केन्द्र भी रखेगा स्कूली बच्चों का रिकॉर्ड




**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय हर बच्चे का ब्लड ग्रुप, उसकी लंबाई और वजन आदि का ऑनलाइन रिकॉर्ड रखेगा। प्रदेश में राज्य सरकार शाला दर्पण के माध्यम से यह आंकड़े पहले से दर्ज करती आ रही है। शाला दर्पण के जरिए अब केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय को आंकड़े उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश में शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से लेकर बारहवीं तक का समूचा रिकॉर्ड शाला दर्पण के माध्यम से अपडेट किया है। स्कूल के प्रवेश के दौरान संबंधित स्कूल में सभी बच्चों के ब्लड ग्रुप, लंबाई, वजन आदि की जानकारी शाला दर्पण में अपलोड की जा रही है। यह शाला दर्पण वेब पोर्टल अब केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय का मददगार बनेगा।

गौरतलब है कि देश में 14.89 लाख स्कूल हैं। इनमें 26 करोड़ 52 लाख छात्र- छात्राएं प्री-प्राइमरी से 12वीं कक्षा तक विभिन्न बोर्ड और राज्यों में अध्ययनरत हैं। इनको पढ़ाने का जिम्मा देश के 95 लाख शिक्षकों पर है। ऐसे में सभी स्कूलों को एक श्रेणी में लाने के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यू डाइस कोड दिए हैं, जिसके माध्यम से हर स्कूल को छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का डेटा अपलोड करना होगा।

### मूट कोर्ट में स्टूडेंट्स दिखाएंगे स्किल्स



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के विधि पंचवर्षीय महाविद्यालय में 11वीं यूएफवाईएलसी-रांका राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता शनिवार से शुरू होगी। मूट कोर्ट पर्यावरण विधि विषय से संबंधित होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजेश बिंदल होंगे और विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन व विधि संकाय अध्यक्ष डॉ. संजुला थानवी होंगे। सत्र की अध्यक्षता विवि कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा करेंगी। 11 दिसंबर को होने वाले समापन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांड होंगे और सम्मानित अतिथि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गोवर्धन बरदार, लोकायुक्त न्यायमूर्ति पी.के. लोहरा और एनएलयू त्रिपुरा के कुलपति प्रो. योगेश प्रताप होंगे। मूट कोर्ट में विभिन्न राज्यों की कुल 40 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में दो प्रारंभिक राउंड, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल राउंड शामिल होंगे जो तीन दिनों की अवधि में आयोजित किए जाएंगे। प्रारंभिक दौर में प्रत्येक टीम दोनों पक्षों से बहस करेगी और क्वार्टर फाइनल के लिए 8 सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन किया जाएगा, इनमें से चार सर्वश्रेष्ठ टीमों को सेमीफाइनल के लिए चुना जाएगा और दो सर्वश्रेष्ठ टीमें फाइनल के लिए चुनी जाएंगी। विजेता टीम, उपविजेता और सर्वश्रेष्ठ स्मारक को क्रमशः 15,000, 11,000 और 6,000 रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। याचिकाकर्ता और प्रतिवादी दोनों पक्षों की ओर से सर्वश्रेष्ठ छात्र वकील को 4 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

# कैडेट्स ने पढ़ा देशभक्ति और अनुशासन का पाठ



**बेधड़क** | जयपुर

एनसीसी संगठन देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का गुण सिखाता है जिससे एनसीसी कैडेट तन मन धन से देश सेवा के लिए तैयार रहते हैं। यह बात गुरुवार को कैम्प कमाण्डेन्ट विंग कमाण्डर सोमनाथ मित्रा ने 1-राजस्थान एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, जयपुर के तत्वाधान में स्टेनी मेमोरियल कॉलेज फागी स्थित आईआरआरएम परिसर में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कैडेट्स को संबोधित करते हुए कही। विंग कमाण्डर मित्रा ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से कैडेट अनेक गुण सीख कर समाज में अपनी विशिष्ट पहचान कायम करता है। एनसीसी कैडेट एनसीसी कैम्प के दौरान व्यक्तिव विकास, सहभागिता, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व की भावना आदि अनेक गुणों का विकास करता है। एनसीसी कैडेट्स को अनेक अवसर प्रदान करवाता है जिसका लाभ उठा कर कैडेट्स स्वयं के साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शिविर में राजस्थान के विभिन्न स्कुलों व कॉलेजों से 15 एनसीसी अधिकारियों के नेतृत्व में 400 से अधिक कैडेट्स ने भाग लिया।



दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। कैडेट्स ने एकल गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, देशभक्ति गीतों सहित प्रेरणास्पद नाटकों की प्रस्तुति से वाहवाही लूटी। यूनिट के कमान अधिकारी व शिविर के कैम्प कमाण्डेन्ट विंग कमाण्डर सोमनाथ मित्रा ने शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ रहे कैडेट्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

शिविर के दौरान बेस्ट ट्रुप का खिताब शंकर लाल धानुका केशव विद्यापीठ, जामडोली को प्रदान किया गया। अन्य प्रतियोगिताओं में ड्रिल में शंकर लाल धानुका केशव विद्यापीठ, जामडोली रनर अप व श्रीमहावीर दिगम्बर जैन सीनियर सैकेण्डरी स्कुल जयपुर विजेता रहीं।



#### विशेषज्ञों ने दी एनसीसी टैक्नीक्स की ट्रेनिंग

विंग कमाण्डर मित्रा ने बताया कि शिविर में एनसीसी पाठ्यक्रम के अनुसार कैडेट्स को ड्रिल, पीटी सहित अन्य एयरफोर्स प्रशिक्षण के साथ ही विमान पहचान, एयरोमॉडलिंग प्रशिक्षण, तनाव प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, यातायात प्रबंधन, डिजास्टर मैनेजमेंट, हथियारों को खोलना व जोड़ना इत्यादि का प्रशिक्षण, मुथाई ग्रुप द्वारा मार्शल आर्ट व आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कार्डियो पल्मोनरी रिससिटैशन (सीपीआर) के तहत कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में व्यक्ति की जान किस प्रकार बचाई जा सकती है, का जीवन्त प्रदर्शन किया गया। मोहन फाउन्डेशन जयपुर सीटीजन फोरम ने अंगदान पर प्रकाश डाला। एसएसबी चयन प्रक्रिया व सशस्त्र सेनाओं में प्रवेश का तरीका आदि विषयों पर ग्रुप कैप्टन ए के शर्मा ने प्रकाश डाला। डिप्टी कैम्प कमाण्डेन्ट मुख्य ग्लाईडिंग प्रशिक्षक डीएस चैहान ने ने बताया कि एनसीसी प्रतिवर्ष कैडेट्स के सैन्य प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करती है।

### व्याख्याता भर्ती प्रक्रिया फिर शुरू

## इतिहास व भूगोल की काउंसलिंग 11 से




**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद शिक्षा निदेशालय ने व्याख्याता भर्ती परीक्षा-2022 में चयनित अभ्यर्थियों की पोस्टिंग की प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी है। इतिहास और भूगोल विषय में करीब 1591 नव चयनित व्याख्याताओं को पदस्थापन इसी महीने मिलने की उम्मीद है।

शिक्षा निदेशालय ने भूगोल सहित इतिहास विषय के शेष चयनित अभ्यर्थियों की पोस्टिंग के लिए काउंसलिंग का कैलेंडर घोषित कर दिया है। इतिहास में चयनित 802 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग अक्टूबर माह में पूरी की जा चुकी है। वहीं भूगोल विषय में चयनित 789 अभ्यर्थियों के साथ इतिहास विषय के शेष रहे कुछ अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 11 और 12 दिसंबर को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की गोल बिल्डिंग में होगी। काउंसलिंग के लिए अस्थाई वरीयता सूची का प्रकाशन शुक्रवार को कर दिया गया है। आपत्तियां शनिवार तक ली जाएंगी। अंतिम वरीयता सूची और रिक्त पदों का प्रकाशन 10 दिसंबर को होगा। विशेष वर्ग के अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में वरीयता दी जाएगी। काउंसलिंग के लिए सुबह 9.30 बजे से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू जाएगी।

गौरतलब है कि व्याख्याता भर्ती परीक्षा के तहत इतिहास और भूगोल में चयनित अभ्यर्थी लंबे समय से पदस्थापन का इंतजार कर रहे हैं। राज्य के स्कूलों में वर्तमान में इतिहास के 2388 और भूगोल व्याख्याता के 1824 पद रिक्त चल रहे हैं।

## गर्व और भावुकता के बीच मनाई ग्रेजुएशन सेरेमनी



**जयपुर**। जयश्री पेड़ीवाल ग्लोबल स्कूल में 12वीं कक्षा के 2023-24 बैच के लिए ग्रेजुएशन डे सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के साथ 12वीं के स्टूडेंट्स को फेयरवेल दिया गया। इस मौके पर स्कूल चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेडीवाल ने उन्हें परिपक्वता और जिम्मेदारी के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही स्टूडेंट्स के नए भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दीं। टीचर्स ने गीत के माध्यम से गर्व और उदासी की मिश्रित भावनाएं व्यक्त कीं। ग्रेजुएशन सेरेमनी के दौरान स्टूडेंट्स को मोमेंटो प्रदान किए गए। इस मौके पर स्टूडेंट्स ने भी स्कूल के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और जेपीजीएस में अपने बीते वर्षों को याद किया। चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेडीवाल और प्रिंसिपलमंजू खोसला ने स्टूडेंट्स को मोमेंटो देकर उनके नए पथ पर नई उपलब्धि पाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स के माता पिता भी मौजूद रहे और बच्चों की उपलब्धि और भविष्य को लेकर खुशी जाहिर की।

**पहल** | नो बैग डे के तहत आज स्कूलों में मनाया जाएगा 'लैब डे'

# स्कूलों में प्रयोगशालाओं की सुध लेगा शिक्षा विभाग

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में शनिवार को 'नो बैग डे' के तहत 'लैब डे' मनाया जाएगा। शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संचालित प्रयोगशालाओं के माध्यम से प्रभावी शिक्षण एवं विद्यार्थियों के सीखने के अवसरों में वृद्धि के उद्देश्य से विभाग ने 'लैब डे' मनाने का निर्णय लिया है।



इस विशेष पहल और गतिविधि के माध्यम से प्रयोगशालाओं के शैक्षिक वातावरण में निखार लाते हुए उनको भौतिक रूप से समृद्ध, साफ सुथरी एवं सुरक्षित बनाते हुए नियमित संचालित कर विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का माहौल तैयार किया जाएगा। जैन ने बताया कि संस्था प्रधानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से कक्षाओं के अवलोकन के साथ ही प्रयोगशालाओं का भी योजनाबद्ध अवलोकन करें।

इस दृष्टिकोण से प्रयोगशालाएं तैयार कर विद्यार्थियों को प्रायोगिक कार्यों में भी पारंगत बनाया जाए। उन्होंने बताया कि शनिवार को 'लैब डे' के दिन अर्धवार्षिक परीक्षा में किसी विषय की प्रायोगिक परीक्षा भी लेनी है तो इस दिन ही विद्यार्थियों को सूचित कर आयोजन को और प्रभावी बनाया जा सकता है और परीक्षा का भी आयोजन किया जा सकता है।

#### अधिकारी करेंगे प्रयोगशालाओं का निरीक्षण

'लैब डे' के अवसर पर विभागीय अधिकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संचालित प्रयोगशालाओं का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान प्रयोगशाला के प्रवेश द्वार पर प्रयोगशाला का नाम, प्रभारी व्याख्याता एवं प्रयोगशाला सहायक का नाम अंकित करने, संस्था प्रधान द्वारा निरीक्षण कार्य योजना में प्रयोगशालाओं के निरीक्षण को शामिल करने, लैब में उपलब्ध उपकरणों की माइनर रिपेयर, भौतिक सत्यापन, नियमित प्रयोगिक कक्षाएं, विद्यार्थी प्रयोगिक पुस्तिकाओं की नियमित जांच एवं लैब का रिकॉर्ड संधारण, प्रयोगशाला में फायर सेफ्टी संबंधित उपकरण, विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा मापदंडों का प्रदर्शन, क्रय किए गए रॉ मेटेरियल की स्टॉक एंट्री, प्रायोगिक कार्य के दौरान प्रयोगशाला सहायक, प्रयोगशाला सेवक की उपस्थिति आदि बिन्दुओं पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। शिक्षक संघ (सियाराम) के प्रदेश मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से लैब डे की पहल सराहनीय है। प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मीणा ने बताया कि इस पहल से सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

# ‘नाता’ में बिकती आधी आबादी, बर्बाद होता बचपन



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

साल 2017 में राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के कलिंजरा थाना इलाके में प्रेम संबंधों के चलते एक युवक-युवती को प्यार करने की उन्हीं के गांव और परिवार वालों ने ऐसी सजा दी, जिसके बारे में हर सुनने वाला सिहर उठा। पहले दोनों को नंगा कर गांव में घुमाया, फिर युवती का 80 हजार रुपए में नाता कर दिया गया। इसी तरह राजसमंद जिले के आदिवासी इलाकों में कई महिलाओं के नाता के तहत अपनी इच्छा के विरुद्ध कई बार पुनर्विवाह करने के मामले भी सामने आए। नाता, नातरा अथवा नातरी एक ऐसी प्रथा है, जिसमें बिना शादी के युवती को युवक के साथ रहने के लिए मजबूर किया जाता है। प्रदेश की कुछ जातियों में प्रचलित नाता प्रथा के अनुसार विवाहित महिला अपने पति को छोड़कर किसी अन्य पुरुष के साथ रह सकती है। इतना ही नहीं, पुरुष भी किसी विवाहित महिला को उसकी सहमति से लाकर पत्नी के रूप में रख सकता है। असल में नाता प्रथा में महिला या पुरुष को शादी करने की जरूरत नहीं होती है और न ही किसी किस्म के रीति-रिवाज करने पड़ते हैं। असल में राजस्थान में नाता प्रथा रुकने का नाम नहीं ले रही है। हालात इतने भयावह हैं कि कोविड के दौरान भी प्रदेश में नाता के कई मामले सामने आए। डूंगरपुर जिले में भी एक मामला सामने आया।

वहीं बांसवाड़ा के तोरी, खेरदा और पाटिया गांवों में कई मामले देखने को मिले। साल 2020 में बांसवाड़ा के महोली गांव में नाता के एक मामले में एक लाख रुपए में निपटारा हुआ। एक अनुमान के मुताबिक, बांसवाड़ा जिले में हर साल करीब 10-12 नाता के मामले सामने आते हैं। कई मामलों में नाता का निपटारा 50 हजार रुपए से लेकर पांच लाख रुपए तक में हुआ। असल में नाता अब बेटियों और महिलाओं को बेचने की प्रथा बन गई है। बेटी का बाप और पति को छोड़कर चली जाने वाले पत्नी, दोनों की कीमत वसूली जा रही है। कई मामलों में महिला के माता-पिता भी ग्राम पंचायत द्वारा तय की गई नाता राशि लेते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार ने भी अभी तक इस प्रथा को रोकने के लिए कोई कानून नहीं बनाया है।

> “वक्त गुजरने के साथ इस प्रथा में भी कई परिवर्तन होते चले गए। इसके कारण लड़कियों और महिलाओं के खरीदने तथा बेचने के चलन को बढ़ावा मिल रहा है। कुछ समय पहले दक्षिण राजस्थान में एक गैर सरकारी संगठन की ओर से किए गए अध्ययन में पाया गया कि अगर बच्चों की मां नाता प्रथा के तहत किसी अन्य व्यक्ति के पास चली गई है तो बच्चों को स्कूलों में अपमान का सामना करना पड़ता है।”

वैसे तो राजस्थान में इस प्रथा का चलन कई जगहों पर है, लेकिन आदिवासी समुदायों, जनजातीय क्षेत्रों और कुछ जातियों में यह परंपरा काफी लोकप्रिय है। पहले यह प्रथा जहां केवल गांवों में मानी जाती थी, वहीं वर्तमान युग में यह कई कस्बों तक फैल चुकी है। पंचों का तर्क है कि इस प्रथा की वजह से महिलाओं और पुरुषों को तलाक के कानूनी झंझटों से मुक्ति मिल जाती है, लेकिन असल में ऐसा होता नहीं है। वक्त गुजरने के साथ इस प्रथा में भी कई परिवर्तन होते चले गए। इसके कारण लड़कियों और महिलाओं के खरीदने तथा बेचने के चलन को बढ़ावा मिल रहा है।

कुछ समय पहले दक्षिण राजस्थान में एक गैर सरकारी संगठन की ओर से किए गए अध्ययन में पाया गया कि अगर बच्चों की मां नाता प्रथा के तहत किसी अन्य व्यक्ति के पास चली गई है तो बच्चों को स्कूलों में अपमान का सामना करना पड़ता है। उनमें से अधिकांश के पास अपनी भावनाओं को साझा करने के लिए दोस्त नहीं होते हैं। अध्ययन में कहा गया कि 13 प्रतिशत बच्चों को अपने परिवार में नाता के कारण स्कूलों में अपमान का सामना करना पड़ता है। इनमें से छह प्रतिशत बच्चों को मौखिक और शारीरिक शोषण का सामना करना पड़ता है। अध्ययन में 22 प्रतिशत बच्चों ने बताया कि नाता संबंध के बाद वे दैनिक जीवन में परिवारों में हिंसा देखते हैं। अध्ययन में कहा गया कि आदिवासी समाज में दो प्रकार की नाता प्रथा विद्यमान हैं। पहली, जब पति की मृत्यु हो जाती है और महिला अपनी इच्छा से या समाज की सहमति से किसी अन्य पुरुष के साथ चली जाती है। वहीं दूसरी में एक महिला अपने पति के जीवित होते हुए भी किसी अन्य पुरुष के साथ चली जाती है।

इन दोनों ही मामलों में महिलाएं अपने बच्चों को पीछे छोड़ देती हैं, क्योंकि उनका नया पति अपने पहले पति से बच्चों को स्वीकार करने को तैयार नहीं होता है। यह उन बच्चों के लिए कई कमजोरियां पैदा करता है, जिन्हें अपने दादा-दादी या अन्य रिश्तेदारों के साथ रहने के लिए मजबूर किया जाता है। पति या पत्नी की शीघ्र मृत्यु, महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा, तलाक, पति की खराब आर्थिक स्थिति या जब वह अपनी पत्नी की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं होता है जैसे कारणों को भी नाता प्रथा के बढ़ने की वजह माना गया है। इसके अलावा समाज का आधुनिकीकरण और मोबाइल तथा टीवी का प्रचलन भी नाता के अन्य कारण हैं। इस अध्ययन में कहा गया कि नाता की वजह से समाज का ढांचा बुरी तरह बिगड़ गया है, जिसे सुधारने का रास्ता फिलहाल किसी को भी नजर नहीं आ रहा है। सबसे ज्यादा प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है, क्योंकि उनके पास कहीं भी जाने का कोई विकल्प मौजूद नहीं है। इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का कहना है कि इस प्रथा को रोकने की सख्त जरूरत है, जिसके लिए सबसे पहले तो सरकार को ठोस कानून बनाना होगा। वहीं समाजों के स्तर पर भी हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो बेटियां-महिलाएं ऐसे ही बिकती रहेंगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## इंडिया गठबंधन के लिए मोदी को टक्कर देना बेहद कठिन

# कांग्रेस के लिए आसान नहीं 2024 की राह



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों के परिणामों से यह साफ जाहिर है कि देश में हिन्दी भाषी पट्टी में भारतीय जनता पार्टी अपना दबदबा बरकरार रखने में कामयाब रही है। मध्य प्रदेश में तो वह पहले से ही सत्तासीन थी। राजस्थान और छत्तीसगढ़ कांग्रेस से छीनकर उसने यह साबित कर दिया है कि दावा कोई कुछ भी करे लोकसभा चुनाव से ठीक पहले चार में से तीन राज्यों में भाजपा की अभूतपूर्व जीत उसकी मजबूती और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बरकरार रहने का जीता जागता सबूत है। जहां तक तेलंगाना का सवाल है, तेलंगाना में मुख्य लडाई कांग्रेस और वहां सत्तासीन के चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस जो अभी कुछ समय पहले तक टीआरएस थी, के बीच थी। देखा जाए तो तेलंगाना ही नहीं, दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा की कोई खास पैठ नहीं रही है। एक कर्नाटक था, वह भी पिछले विधान सभा चुनावों में भाजपा से छिटक गया और वहां कांग्रेस ने अपनी सरकार बनाई। असलियत में तेलंगाना में कांग्रेस की विजय के पीछे कई कारण अहम रहे। वहां, जहां कांग्रेस को सत्ता विरोधी लहर का लाभ मिला, वहीं केसीआर के रवैये और बीआरएस के भ्रष्टाचार ने कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निबाही। फिर वहां राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी के नेतृत्व और संगठन की मजबूती ने कांग्रेस की सत्ता पर पहुंचने की राह और आसान कर दी।



इसमें केसीआर की वंशवादी राजनीति से असहज मतदाता ने केसीआर से जहां अपना हिसाब-किताब बराबर किया, वहीं पार्टी में केसीआर के बेटे-बेटी, यथा केटीआर और कविता की बढ़ती दखलंदाजी से पार्टी के अंदर के लोग उनसे इतने त्रस्त थे कि वह उनको किसी भी कीमत पर सबक सिखाना चाहते थे। फिर राज्य के लोग कांग्रेस के उस एहसान का बदला भी चुकाना चाहते थे, जिसके तहत कांग्रेस ने आंध्र का विभाजन कर उन्हें अलग तेलंगाना राज्य की सौगात दी थी। फिर राज्य कांग्रेस प्रमुख रेवंत रेड्डी और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों द्वारा बीआरएस के भ्रष्टाचार, उसकी योजनाओं की जमकर आलोचना और बीआरएस, भाजपा और एआईएम आईएम को एक थैली के चट्टे-बट्टे यानी साझीदार बताने की रणनीति का असरदार रहना और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आम जनमानस में खासा प्रभाव भी जीत का सबसे बड़ा कारण रहा। तेलंगाना में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक की तर्ज पर महालक्ष्मी योजना का ऐलान जिसके तहत महिलाओं को 2,500 रुपए प्रतिमाह दिए जाने, 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिए जाने, आरटीसी बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा सुविधा, कल्याण लक्ष्मी/शादी मुबारक योजना जिसमें दुल्हन को 10 ग्राम सोना देने के साथ एक लाख रुपए देने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ईपीएफ कवरेज के तहत लाने और चुनाव जीतने पर चार महिलाओं को मंत्री पद देने के वादे कर महिलाओं ने राज्य की कांग्रेस की सरकार चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाही।

अब सवाल यह है कि आखिर क्या कारण रहे कि लाख लुभावनी योजनाओं के बावजूद कांग्रेस हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में धराशायी क्यों हुई। जबकि लोक लुभावन योजनाओं के बारे में कांग्रेस ने भी कोई कमी नहीं छोड़ी। राजस्थान में कांग्रेस की पुरानी पेंशन योजना, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, परिवार की महिला मुखिया को इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के तहत 1.35 करोड़ महिलाओं को मोबाइल फोन के साथ इंटरनेट डाटा देने जैसी योजनाओं की जगह जनता ने भाजपा की महिला सुरक्षा, जिले में महिला थाना खोलने, छात्राओं को स्कूटी देने और रसोई गैस भी कांग्रेस से कम कीमत पर देने पर भरोसा जताया। वहीं छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार की छत्तीसगढ़ गृहलक्ष्मी योजना जिसके तहत महिलाओं के बैंक खातों में सालाना 15,000 रुपए देने के स्थान पर जनता ने भाजपा की रानी दुर्गावती योजना, महतारी वंदन योजना पर ज्यादा भरोसा जताया और मध्य प्रदेश में जनता ने खासकर महिलाओं ने लाडली बहना योजना पर ज्यादा भरोसा जताया और दोबारा फिर भाजपा सरकार बनाकर महिलाओं की ताकत का एहसास कराया।

> “राजस्थान में जहां पुरुषों के मुकाबले 0.19 फीसदी महिलाओं ने अधिक मतदान किया, छत्तीसगढ़ में 90 में से 50 सीटों पर पुरुषों के मुकाबले अधिक मतदान किया, वहीं मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना रंग लाई और महिलाएं भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए जमकर निकलीं। यहां तक कि राज्य की 34 सीटों पर महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहा।”

गौरतलब है कि राजस्थान में जहां पुरुषों के मुकाबले 0.19 फीसदी महिलाओं ने अधिक मतदान किया, छत्तीसगढ़ में 90 में से 50 सीटों पर पुरुषों के मुकाबले अधिक मतदान किया, वहीं मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना रंग लाई और महिलाएं भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए जमकर निकलीं। यहां तक कि राज्य की 34 सीटों पर महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहा। निष्कर्ष यह कि इस चुनाव में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महिलाएं गेम चेंजर साबित हुईं। सबसे बड़ी बात भाजपा की चाक चौबंद रणनीति के आगे कमलनाथ असहज दिखे और वह पूरे प्रदेश से जुड़ाव कायम कर पाने में नाकाम रहे। असलियत तो यह है कि तीनों राज्यों में मोदी की गारंटी भाजपा की जीत का वायस बनी और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कार्यकर्ता भाव से की गई अनथक मेहनत रंग लाई और लाडली बहना योजना टर्निंग प्वाइंट बनी।

इस हकीकत को नकारा नहीं जा सकता। अब जबकि सभी चुनाव परिणाम सामने आ चुके हैं। भाजपा जीत की खुशी में सातवें आसमान पर है, सही भी है। यह समय का तकाजा है और कांग्रेस अपनी हार स्वीकार कर चुकी है। विपक्ष में बैठने का जनता का जनादेश वह सिर माथे लगा भी चुकी है। इसके साथ देखना यह है कि आखिर ऐसा हुआ क्यों? जबकि कांग्रेस जीत के प्रति अति उत्साहित थी। हार के पीछे के कारणों के बारे में नेता कुछ भी कहें असलियत यह है कि कांग्रेस अपने बागियों को मनाने में नाकाम रही, जबकि भाजपा सफल रही। कांग्रेस को गुटबाजी से चुनाव तक राहत नहीं मिली, जबकि भाजपा ने गुटबाजी पर चुनाव के आखिरी चरण में सफलता पाई। राजस्थान में इसका सबसे बड़ा कारण सचिन पायलट प्रकरण रहा, जिसका निर्णय न कर पाने में हाईकमान असमंजस में रहा। दिखावा कुछ भी किया गया, लेकिन हकीकत यही है कि इस मामले ने कांग्रेस की हार में आखिरी कील ठोंकने का काम किया। सचिन पायलट की महत्वाकांक्षा पार्टी के लिए सबसे बड़े नुकसान का कारण रही। यही नहीं कांग्रेस की हार में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण भी अहम कारण रहा। कन्हैयालाल हत्याकांड और गिरती कानून व्यवस्था सरकार ले डूबी। फिर 22.71 लाख युवाओं की भूमिका को नजरंदाज नहीं किया जा सकता, जिसने पहली बार मतदान किया जो पेपर लीक मामलों से निराश था, दुखी था, क्रोधित था। सरकार उसके आक्रोश को भांपने में नाकाम रही। यह आक्रोश सात गारंटियों और लाल डायरी पर भारी पड़ा। इस सबके कारण कांग्रेस जीती हुई बाजी हार गई। राजनीति कब किस ओर करवट लेती है, यह कहना मुश्किल होता है। इतिहास इसका सबूत है। हां 2024 में कांग्रेस की भूमिका क्या होगी और इंडिया गठबंधन का क्या हश्र होगा, यह भविष्य के गर्भ में है। लेकिन इतना कटु सत्य है कि इंडिया गठबंधन के लिए जिसका संगठन और ढांचा ही बेहद कमजोर है, 2024 में मोदी मैजिक से पार पाना, मोदी को टक्कर देना बहुत ही मुश्किल है। इसमें दो राय नहीं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# कुछ अपने पड़ोसियों से सीखें...



डॉ. प्रदीप उपाध्याय
व्यंग्यकार

सड़कों पर बेमतलब आवारगी करने वाला श्वान भी गर्दभ की तरह निरीह और बेचारा ही होता, यदि उसे ऊपर वाले की कृपा तीखे दांतों के साथ गुर्राहट के रूप में प्राप्त नहीं हुई होती। हां, यह कृपा जरूर इंसान के लिए ईर्ष्या का सबब बन गई है। जबकि इंसान पर ऊपर वाले द्वारा की गई बेवफाई, मतलबी, स्वार्थी, झूठा, बेईमान, लुच्चापन जैसी कई रहमतों के बावजूद कुत्ते या खर कभी उससे ईर्ष्या नहीं करते। हां कुत्ते से आदमी का ईर्ष्या भाव तो हम देखते ही रहते हैं। बेचारा कहीं आराम फरमा रहा होता है तो उसे पीछे से लात जमा ही देंगे! कुत्तों से बैरभाव रखने में हम कुत्ते से ज्यादा कुत्ते हो जाते हैं।

कभी किसी वीरू ने यह नहीं कहा कि बसंती इन गधों के सामने मत नाचना। वीरू को भी आपत्ति है तो कुत्तों के सामने बसंती को नहीं नाचने देने की। वह चाहे तो गधों के सामने बेझिझक होकर नाच सकती है। वीरू तो वीरू आजकल कलमकार भी बेचारे श्वान के पीछे हाथ धोकर पड़ गए हैं। खासकर व्यंग्यकार! बेचारे श्वानों को हर कोई कुत्ता कह रहा है। आखिर कुत्ते की भी कोई इज्जत है। सरे राह उनकी इज्जत तो नहीं उतारी जाना चाहिए। एक तरफ तो लोगों को सड़क पर रहने को मजबूर श्वानों से दिक्कत होने लगी है, सड़क पर उतरे लोगों से किसी को कोई दिक्कत नहीं है। देखिए, बेचारे सड़क पर घूमने वाले कुत्तों की नसबंदी कर सरकार सड़क से कुत्तों के वंश मिटाने पर तुली हुई है, वह तो अच्छा है कि कुछ पशु-पक्षी प्रेमी उनके अस्तित्व को बचाए हुए हैं। हां बंगलों के कुत्ते उनके स्वामियों जैसे खूंखार होने लगे हैं, लेकिन उनसे होने वाली परेशानी किसी को दिखाई भी नहीं देती।

कहीं ऐसा तो नहीं कि बंगलों के खुर्राट, कटकने और खूंखार साहबों के कारण ही उनके कुत्ते भी उनसे ये गुण ग्रहण कर रहे हों। फिर भी साहब और उनके पालतु का खूंखारपन और नुकीले दांत ही हम जैसे लोगों को खींसे निपोरने पर मजबूर कर देते हैं। हमारे देश में श्वान और गर्दभों के बारे में खर बुद्धि वाली सोच है वरना दूसरी ओर पड़ोसी देश है जिसने गधों का निर्यात कर अपनी कंगाली के दौर में आटे-दाल की जुगाड़ जमा ली।अब वहीं एक धार्मिक मामलों के जानकार ने भी सलाह दे मारी है कि कुत्तों के भी फार्म हाउस तैयार कर लेना चाहिए।

उन्होंने खुद ही माना है कि कुत्तों के मामले में उनके देश में बहुत बरकत है। उनके यहां की कुतियाएं एक बार में छः -छः पपिया पैदा करने की कुव्वत रखती हैं। वैसे यह बात सही है कि गधों और कुत्तों के मामले में वे बरकती हैं। उनका तो यह भी मानना है कि कुत्तों की सड़कों पर बढ़ती तादाद समस्या नहीं बल्कि ऊपर वाले की रहमत है। उन्होंने सलाह दी है कि छः कुतियाओं के साथ एक कुत्ते को फार्म हाउसों में रखा जाए और उनकी पैदावार बढ़ाकर चीन को निर्यात कर देश की अर्थव्यवस्था मजबूत की जाए।

चीन के लिए तो गधे भी उपयोगी रहे हैं और कुत्ते भी उपयोगी साबित होंगे, क्योंकि चीन में उनके उपयोग की काबिलियत है। वास्तव में इस मामले में पड़ोसी मुल्क ज्यादा समझदार हैं। बस हम ही हैं जो श्वान और गर्दभों को समस्या समझ उनसे छुटकारे के उल्टे-सीधे उपाय सोचने बैठ जाते हैं। कभी पड़ोसियों से भी तो सलाह ले लें!

## नॉलेज कॉर्नर: 24 घंटे में कई बार लेते हैं 4 सेकंड की झपकी

# माइक्रोस्लीप के कारण मशहूर हैं ये पेंगुइन

इंसान हो या जानवर, थकान सबको होती है। खासकर तब जब उनके पास छोटे बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी होती है। एक नवजात शिशु की देखभाल में पैरेंट्स की नींद पूरी नहीं हो पाती, लेकिन एक पेंगुइन प्रजाति ने इस समस्या का हल निकाल लिया है। इस प्रजाति के पेंगुइन अपने अंडों की देखभाल भी करते हैं और इंसानों से अधिक नींद भी ले लेते हैं। अंटार्कटिका में शोधकर्ताओं ने पहली बार पेंगुइनों के सोने के तरीकों पर रिसर्च की है, और इसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। रिसर्च बताती है कि इनके सोने का तरीका यह समझाता है कि कैसे वे अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए नींद भी पूरी कर सकते हैं। पेंगुइन के बारे में विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### ऐसे किया शोध

शोधकर्ताओं ने अंटार्कटिका के किंग जॉर्ज द्वीप पर घोंसले बनाने वाले 14 पेंगुइन का अध्ययन किया। 10 दिनों के अवलोकन के दौरान, पक्षी कभी भी लंबी नींद में नहीं दिखाई दिए। दर्ज की गई सबसे लंबी झपकी 34 सेकंड की थी। ब्रॉन में ल्योन के न्यूरोसाइंस रिसर्च सेंटर के स्लीप इकोफिजियोलॉजिस्ट, सह-लेखक पॉल-एंटोनी लिबौरेल कहते हैं, यह सबसे आश्चर्यजनक और दिलचस्प बात है – यह तथ्य कि वे लगातार, दिन और रात, टुकड़ों तरीके से सोने में सक्षम हैं। शोध के दौरान मस्तिष्क गतिविधि पर डेटा एकत्र करने के लिए, शोधकर्ताओं ने पेंगुइन की खोपड़ी के अंदर इलेक्ट्रोड प्रत्यारोपित किए। इससे वैज्ञानिकों को यह पहचानने में मदद मिली कि पक्षी धीमी-तरंग नींद की स्थिति में कब प्रवेश करते हैं, जो पक्षियों में नींद का प्रमुख रूप है और मनुष्यों में भी होता है। पेंगुइन प्रति घंटे 600 से अधिक बार धीमी गति से नींद लेते हैं।



### यूं रहते हैं सावधान

इस सवाल का जवाब ढूंढने से पहले, हमें जानना जरूरी है कि चाइनास्ट्रैप पेंगुइन को छोटी-छोटी झपकियां क्यों लेनी पड़ती हैं? इन पेंगुइन्स का रहने का माहौल तनावपूर्ण होता है, वे भीड़-भाड़ वाली कॉलोनियों में रहते हैं और इन्हें अपने चूजों की सुरक्षा का खास ध्यान रखना पड़ता है। ये पेंगुइन्स अपने अंडों और चूजों को दूसरे पक्षियों से बचाने के लिए सावधान रहते हैं। कुछ बड़े पक्षियों की नजर इन पेंगुइन्स के अंडों और चूजों पर रहती है, और बड़े पेंगुइन्स को अपने घोंसलों को खराब करने वाले पेंगुइन्स से भी सावधान रहना पड़ता है। इसलिए इन पेंगुइन्स को रात-दिन अपने घोंसलों और चूजों की सुरक्षा के लिए चौपाल रहना होता है।

**11 घंटे की लेते हैं नींद**

*पेंगुइन की माइक्रो स्लीप, यानी झपकी, लगभग 4 सेकंड की होती है और इसे वे कई बार दिनभर में करते हैं। शोधकर्ताओं ने अंटार्कटिका में चाइनास्ट्रैप पेंगुइन्स की दिमागी तरंगों को मापा, जिससे पता चला कि ये पेंगुइन अपने दिनचर्या में 11 घंटे की नींद लेते हैं, जिसमें समय-समय पर 4 सेकंड की झपकियां होती हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**दीया कुमारी,** बीजेपी विधायक
@KumariDiya
विद्याधर नगर है मेरा परिवार!

**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
आप सोच सकते हैं कि आपके पास नौकरी, परिवार, संपत्ति है। लेकिन मूलतः, आपके पास एकमात्र चीज़ जीवन है। उसके बिना, आपके पास कुछ भी नहीं है।






**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
अपना ध्यान केंद्रित करने का एक व्यावहारिक तरीका जर्नलिंग का अभ्यास करना है क्योंकि हम अपने विचारों और भावनाओं को बिना संपादन के स्वतंत्र रूप से प्रवाहित और व्यक्त करने की अनुमति देते हैं!

**मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़: भाजपा ने दोनों राज्यों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए, खट्टर व मुंडा को सौंपा जिम्मा**

# विधायक दल की बैठक एक-दो दिन में, CM पद पर सस्पेंस होगा खत्म

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा को क्रमशः मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पार्टी विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया। विधायक दल के नए नेता अपने राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे। दोनों राज्यों में विधायक दल की बैठक इस सप्ताहांत होने की संभावना है। इसके अलावा राजस्थान के लिए रक्षा मंत्री



राजनाथ सिंह को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। पार्टी के मुताबिक खट्टर के साथ पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रमुख के. लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा भी मध्य प्रदेश की बैठक में शामिल होंगे, जबकि मुंडा के साथ केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और भाजपा महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। छत्तीसगढ़ के लिए तीन पर्यवेक्षकों में से दो आदिवासी समुदाय से हैं जबकि गौतम अनुसूचित जाति से आते हैं। मध्य प्रदेश में पार्टी विधायक दल की बैठक सोमवार को शाम सात बजे बुलाई गई है। इसमें मुख्यमंत्री के नाम को लेकर प्रस्ताव रखा जाएगा।

उधर, भोपाल में नवनिर्वाचित विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने मुख्यमंत्री के प्रश्न पर कहा कि कोई असमंजस नहीं है। पार्टी की अपनी प्रक्रिया है। दूसरी ओर एक हफ्ते से दोनों राज्यों में केवल कयासों का दौर चल रहा है। हर कोई अपने हिसाब से संभावित मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के नाम बता रहा है।

### मध्य प्रदेश: चौहान या कोई नया चेहरा!

पार्टी ने इन चुनावों में मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा नहीं की थी। मध्य प्रदेश में जहां भाजपा ने दो-तिहाई बहुमत के साथ बड़ी जीत हासिल की, वहां वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का दावा सबसे मजबूत माना जा रहा है लेकिन पार्टी के भीतर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की भी एक राय है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद 15 महीनों को छोड़ दें तो भाजपा 18 साल से राज्य की सत्ता में है। इसलिए पार्टी के भीतर किसी नए चेहरे पर दांव लगाने का विचार है।

### किसी एक राज्य में महिला सीएम पर विचार

पार्टी ऐसे समय में कम से कम एक महिला मुख्यमंत्री को चुनना चाहेगी जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के लिए महिला मतदाताओं के समर्थन को लगातार रेखांकित कर रहे हैं और अक्सर महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की आवश्यकता की बात करते रहे हैं।

### छत्तीसगढ़: OBC नेता को बागडोर सौंपने पर विचार

सूत्रों ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ में किसी ओबीसी या आदिवासी नेता को बागडोर सौंपने पर विचार कर रही है। लता उसेंडी, गोमती साय और रेणुका सिंह जैसे अनुसूचित जनजाति वर्ग के नेता शीर्ष पद के लिए स्वाभाविक दावेदार हैं।

---

### मराठा आरक्षण: मामले वापस लेने पर होगा विचार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार जालना में मराठा आरक्षण समर्थक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने की मांग पर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जालना में मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हल्का बल प्रयोग किया था और झड़प के दौरान 79 पुलिसकर्मी तथा 50 लोग घायल हो गए। फडणवीस ने मराठा आरक्षण मुद्दे पर 20 से अधिक विधायकों द्वारा पूछे गए सवालों के लिखित जवाब में यह बात कही।

### रेड्डी ने लोकसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे और लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि रेड्डी ने शुक्रवार शाम लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौपा। वह तेलंगाना में मल्काजगिरी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वह तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कोडांगल विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए हैं।

### इब्राहिम की 11 को शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी

**बेंगलुरु।** जनता दल (एस) से निष्कासित सी एम इब्राहिम 11 दिसंबर को बेंगलुरु में पार्टी का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच डी देवेगौड़ा और उनके परिवार के खिलाफ एक बड़े शक्ति प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। इब्राहिम ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रीय स्तर की बैठक बुलाई है। उन्होंने दावा किया कि इसमें देशभर से पार्टी सदस्य और नेता हिस्सा लेंगे।

---

**कांग्रेस ने की मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के नतीजों की समीक्षा ...**

# कमियां दूर होंगी, MP में संगठन के पुनर्गठन पर खरगे करेंगे फैसला

■ लोस चुनाव में दोनों राज्यों में मजबूती से उतरने पर जोर

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश वरिष्ठ नेताओं के साथ हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर समीक्षा बैठक की, जिसमें यह फैसला किया गया कि कमियों को दूर कर लोकसभा चुनाव में मजबूती से उतरना है।

पार्टी मुख्यालय में छतीसगढ़ के लिए हुई समीक्षा बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी एवं महासचिव कुमारी लजा, वरिष्ठ नेता टी एस सिंह देव तथा कई अन्य नेता मौजूद थे। मध्य प्रदेश के लिए हुई बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं दिग्विजय सिंह, पार्टी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और कई अन्य नेता मौजूद थे। मध्य प्रदेश में प्रदेश संगठन के पुनर्गठन का फैसला खरगे पर छोड़ा गया।



### चुनाव नतीजों का गहराई से विश्लेषण, खुले मन से किया गया मंथन: सुरजेवाला

इस बैठक में कमलनाथ ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी का खाका



पेश किया. मध्य प्रदेश के नेताओं ने आलाकमान को बताया कि लोकसभा चुनाव की रणनीति क्या होगी। बैठक के बाद सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मध्य प्रदेश के चुनावी नतीजे का गहराई से विश्लेषण किया। हमसे मध्य प्रदेश का मन जीतने में कहां कमियां रहीं, इसके ऊपर खुले मन से आत्ममंथन किया गया। मैं मध्य प्रदेश की जनता से कहना चाहता हूं कि हम एक सजग पहरेदार की तरह आपकी रक्षा करेंगे। मध्य प्रदेश में अगर किसी के साथ कोई भी अन्याय हुआ, तो कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता आपके साथ खड़े रहेंगे।" उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष पर यह निर्णय छोड़ दिया गया है कि वो मार्गदर्शन दें कि किस प्रकार से संगठन की रचना हो, संगठन को आगे बढ़ाया जाए। सुरजेवाला के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष से कांग्रेस नेताओं ने यह अनुरोध भी किया कि विधायक दल की बैठक के लिए जल्द पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाए, ताकि विधायकों की राय लेकर विपक्ष का अगला नेता तय हो सके।

### निराश हैं, पर हताश नहीं: शैलजा

छत्तीसगढ़ पर हुई बैठक के बाद शैलजा ने संवाददाताओं से कहा, 'ये बात ज़रूर है कि हम चुनाव हारे, लेकिन साथ में मैं ये भी कहूंगी कि कोई भी



सर्वे... चाहे राष्ट्रीय मीडिया का हो या क्षेत्रीय मीडिया का हो... कोई भी एजेंसी हो, हर एक ने ये कहा था कि छत्तीसगढ़ में हम चुनाव जीतने जा रहे हैं और शायद किसी हद तक आप सही साबित भी हुए, क्योंकि हमारा वोट प्रतिशत विशेष कम नहीं हुआ। यह कोई छोटी बात नहीं होती। पांच साल सरकार में रहने के बाद मत-प्रतिशत बरकरार रहना एक बहुत बड़ी बात होती है, बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। शैलजा ने कहा, हमारी भरोसे की सरकार रही, हमने लोगों का भरोसा भी जीता। चुनाव हम हारे, सरकार हम नहीं बना पाए। हम निराश तो हुए हैं, लेकिन हताश नहीं हुए। कारण कई हैं, उनकी हम विस्तृत समीक्षा कर रहे हैं। सभी साथियों ने मिलकर हमारे शीर्ष नेताओं को ये विश्वास दिलाया है कि बेशक हमारी सरकार नहीं बनी, लेकिन हमने लोगों का विश्वास नहीं खोया है और लोगों ने अभी भी हमारा साथ दिया है। लोकसभा का चुनाव आ रहा है, सभी साथियों ने विश्वास दिलाया है कि हम मिलकर फिर से चुनाव लड़ेंगे।

---

**220 करोड़ की नकदी बरामद**

# जनता से लूटा गया पैसा वापस करना होगा: मोदी

एजेंसी | भुवनेश्वर/रांची

आयकर विभाग ने ओडिशा स्थित शराब बनाने वाली एक कंपनी के खिलाफ कर चोरी के आरोप में शुक्रवार को तीसरे दिन भी छापे मारे और अब तक 220 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी बरामद की जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयकर विभाग की इस छापेमारी को लेकर शुक्रवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता से लूटा गया पैसा वापस करना होगा। मोदी ने अप्रत्यक्ष रूप से ओडिशा और झारखंड के उन नेताओं का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी, जिनका शराब कंपनी से संबंध है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक हिंदी समाचारपत्र की खबर साझा की जिसमें दावा किया गया है कि झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से कथित तौर पर जुड़े एक कारोबारी समूह के विभिन्न ठिकानों से आयकर विभाग ने 200 करोड़ रुपए नकदी बरामद की है।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी



के 'भाषणों' को सुनें... जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। खबर में नोटों से भरी कई अलमारियों की तस्वीर भी प्रदर्शित की गई हैं।

इस बीच, भाजपा की ओडिशा इकाई ने संवाददाता सम्मेलन में पूरे प्रकरण की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग की और ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से स्पष्टीकरण भी मांगा।

---

**लालदुहोमा ने मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली**

# सीमा मसले पर बनेगी समिति

एजेंसी | आइजोल

जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा ने शुक्रवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने लालदुहोमा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व मुख्यमंत्री ललथनहवला भी इस अवसर पर मौजूद रहे।उनके साथ 11 अन्य लोगों ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली। उनमें से सात ने कैबिनेट मंत्री और चार ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद लालदुहोमा ने पत्रकारों से कहा कि राज्य की सीमा की सुरक्षा करना उनकी सरकार की प्राथमिकता में



है। उनकी सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा मुद्दों से निपटने के लिए एक राज्य स्तरीय सीमा समिति का गठन करेगी। मिजोरम उत्तर में असम, पूर्व में मणिपुर और पश्चिम में त्रिपुरा के साथ 325 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और भ्रष्टाचार रोधी उपायों को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। हमारी सरकार न्यूनतम मूल्य तय करके किसानों से अदरक, हल्दी, मिर्च और सीक वाली झाड़ू जैसे चार स्थानीय उत्पाद खरीदेगी। किसानों के पास अपने उत्पाद स्वयं बेचने या सरकार को बेचने का विकल्प होगा। यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले शाह...**

# भारत बनेगा विश्व गुरु, युवा करेंगे नेतृत्व

एजेंसी | नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का समय आ गया है और यह युवाओं पर है कि वे विश्वगुरु के रूप में उभर रहे इस देश में बदलावों की अगुवाई करें।

शाह ने यहां बुराड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन पर कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं और उनकी ताकत ही देश और समाज को शिखर पर ले जाती है। यह भारत का समय है और इस परिवर्तन को आगे बढ़ाने का काम युवाओं को करना है। सुनहरा भविष्य देश के युवाओं का इंतजार कर रहा है क्योंकि नरेन्द्र मोदी



सरकार के शासन में पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और जातिवाद की जगह विकास ने ले ली है।

छात्र नेताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि शिक्षा के असली मायने ने देश के विकास के साथ व्यक्तिगत विकास में योगदान देना है। विद्यार्थियों को अयोध्या में राम मंदिर देखने के लिए आमंत्रित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और विकास विरोधाभासी नहीं हैं। अभाविप की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि वह खुद विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे हैं।

### ले रहे हैं 10,000 छात्र प्रतिनिधि भाग

सम्मेलन में देशभर से लगभग 10,000 छात्र प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सम्मेलन स्थल का नाम 'इंद्रप्रस्थ नगर' रखा गया है।शाह ने सम्मेलन का 'थीम' गीत भी जारी किया और राष्ट्रीय चेतना से संबंधित पांच पुस्तकों का विमोचन किया।इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त महासचिव मुकुंद और राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य सुरेश सोनी के अलावा प्रमुख पदाधिकारी एवं अन्य लोग भी शामिल हुए।

---

**महाराष्ट्र: नवाब मलिक को लेकर सियासी घमासान**

# पार्टी का रुख बताने से पहले हम मलिक से करेंगे बात: अजित पवार

एजेंसी | नागपुर

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री नवाब मलिक को लेकर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस आमने-सामने आ गए हैं। मलिक मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत पर जेल से बाहर आ गए हैं, लेकिन अब वे पार्टी के किस गुट का हिस्सा हैं, इस बात को लेकर सियासी घमासान चल रहा है। फडणवीस ने मलिक को राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन गुरुवार को सत्ता पक्ष की सीट पर बैठाने का विरोध करते हुए अजित पवार को पत्र लिखा था।। फडणवीस ने मलिक को सत्तारूढ़ 'महायुति' गठबंधन



में शामिल करने पर अपनी आपत्ति जताई थी। इस पर अजित पवार ने शुक्रवार को कहा है कि वह नवाब मलिक की राजनीतिक संबद्धता पर उनके गुट का रुख बताने से पहले पूर्व मंत्री से बात करेंगे ताकि वह उनकी स्थिति समझ सकें। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, मैंने वह पत्र पढ़ा है।



पार्टी का हमारा गुट दो जुलाई को सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' में शामिल हुआ था और मलिक यह सब होने के बाद विधानसभा में आए। मैं उनका पक्ष सुनने के बाद अपना और अपनी पार्टी का रुख सामने रखूंगा। ज्ञात रहे कि मलिक फिलहाल चिकित्सकीय आधार पर जमानत पर हैं।

### मलिक वरिष्ठ सहयोगी: प्रफुल्ल पटेल

इस बीच, अजित पवार नीत राकांपा गुट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने शुक्रवार को कहा कि मलिक एक वरिष्ठ सहयोगी है और महाराष्ट्र विधानसभा में वह कहां बैठते हैं, यह कोई मुद्दा नहीं है। पटेल ने कहा कि उन्होंने मलिक के राजनीतिक विचारों को लेकर उनसे अभी बात नहीं है। फडणवीस द्वारा पवार को लिखे गए पत्र को संदर्भ से बाहर नहीं लिया जाना चाहिए। पटेल ने शुक्रवार को यहां दोनों उपमुख्यमंत्रियों से विधान भवन में मुलाकात भी की। पटेल ने विधान भवन पहुंचने के बाद पहले फडणवीस से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने 15 मिनट से अधिक समय तक बातचीत की। इसके बाद पटेल ने अजित पवार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने कहा, अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने मलिक की ओर से भारत के निर्वाचन आयोग को कोई हलफनामा नहीं सौंपा है।

### सुप्रिया ने साधा भाजपा पर निशाना

शरद पवार नीत राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने भाजपा को भ्रष्ट जुमला पार्टी बताया है और उस पर नवाब मलिक का अपमान करने व अजित पवार समूह को फंसाने का आरोप लगाया है। अजित पवार को लिखे फडणवीस के पत्र का जिक्र करते हुए सुले ने कहा, मैंने वह पत्र पढ़ा है और जिस तरह से नवाब मलिक का अपमान किया गया है वह गलत है। उन्होंने पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए आरोप लगाया कि भाजपाने अजित पवार समूह को फंसाया है।

### फडणवीस ने यह कहा था पत्र में

फडणवीस ने पत्र में कहा था कि एक विधायक के तौर पर मलिक को विधानमंडल के सत्र में हिस्सा लेने का अधिकार है और हमें उनसे कोई निजी दुश्मनी या वैमनस्य नहीं है बहरहाल, वह जिन आरोपों का सामना कर रहे हैं उन्हें देखते हुए हमारी राय है कि उन्हें महायुति में शामिल करना उचित नहीं होगा। आपकी पार्टी में किसे शामिल करना चाहिए, यह तय करने का अधिकार आपको है।

## पार्टी के दोनों गुटों के 8 MLC को नोटिस जारी

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरे ने राकांपा के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के आठ विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) को नोटिस जारी कर उन्हें अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर अपना जवाब देने को कहा है।

सूत्रों ने बताया कि विधान परिषद के आठ सदस्यों सतीश चव्हाण, अनिकेत तटकरे, विक्रम काले, अमोल मिटकारी, रामराजे नाइक निंबालकर (अजीत पवार गुट) और एकनाथ खडसे, शशिकांत शिंदे और अरुण लाड (शरद पवार गुट) को सात दिसंबर को नोटिस जारी किए गए।ये नोटिस महाराष्ट्र विधान परिषद (दल-बदल के आधार पर अयोग्यता) नियम, 1986 के तहत जारी किए गए। इसमें उन्हें नोटिस प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर अपने बचाव में उपसभापति को संबोधित दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया है।

## जरूरी खबर

### चंदा कोचर की सेवानिवृत्ति लाभ की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ चंदा कोचर की बैंक से सेवानिवृत्ति लाभ मांगने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। कोचर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि उच्च न्यायालय ने बिना किसी चर्चा या निष्कर्ष के याचिका खारिज कर दी।

पीठ ने कहा कि उसने इसमें शामिल तथ्यों को देखा है और मामले में किसी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है।

### ज्ञानवापी मामले में कोर्ट ने रखा निर्णय सुरक्षित



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने काशी विश्वनाथ और ज्ञानवापी मस्जिद विवाद को लेकर वाराणसी की अदालत में दायर वाद की पोषणीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। न्यायाधीश रोहित रंजन अग्रवाल ने संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। वाराणसी की अंजुमन इंतेजामिया कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने 1991 में वाराणसी की अदालत में दायर मूल वाद की पोषणीयता को चुनौती दी थी।

### चरित्र अभिनेता जूनियर महमूद का निधन



**मुंबई।** 'कारवां', 'हाथी मेरे साथी' और 'मेरा नाम जोकर' जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले चरित्र अभिनेता जूनियर महमूद का कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। उन्होंने सात भाषाओं में 260 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। जूनियर महमूद के छोटे बेटे हसनैन सैय्यद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मेरे पिता पेट के कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी हालत पिछले 17 दिन से गंभीर बनी हुई थी।

## दार्जिलिंग ने ओढ़ी बर्फ की चादर



**दार्जिलिंग।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में तापमान में गिरावट के बाद ऊंचे पर्वतीय इलाकों खासकर कंचनजंघा पर्वत शृंखला के मनोहारी दृश्यों के लिए चर्चित पर्यटन स्थल संदाकफु में शुक्रवार को इस मौसम में पहली पर हिमपात हुआ। हिमपात के बाद संदाकफु में घरों व सड़कों पर बिछी बर्फ की सफेद चादर। -पीटीआई

## मोइत्रा के खिलाफ प्रस्ताव पर बोला विपक्ष... पक्ष रखने का नहीं दिया मौका

# कंगारू अदालत की सजा: मोइत्रा लोकतंत्र से विश्वासघात: ममता



**लोकसभा में चर्चा के बाद ध्वनिमत से दी गई प्रस्ताव को मंजूरी**

**स्पीकर ने संसदीय परिपाटी का हवाला देते हुए नहीं दिया पक्ष रखने का मौका**

एजेंसी | नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में शुक्रवार को लोकसभा से अपने निष्कासन की तुलना 'कंगारू अदालत' द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने फैसले की निंदा की और इसे संसदीय लोकतंत्र के साथ विश्वासघात बताया। इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। प्रस्ताव पेश होने पर विपक्ष, विशेषकर तृणमूल कांग्रेस ने आसन से कई बार यह आग्रह किया कि मोइत्रा को सदन में अपना पक्ष रखने का मौका मिले, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहले की संसदीय परिपाटी का हवाला देते हुए इससे इनकार कर दिया।

प्रस्ताव पारित होने से पहले ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत ज्यादातर विपक्षी दलों के सदस्य सदन से बाहर चले गए। \सदन में चर्चा के बाद जोशी द्वारा रखे गए प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा, महुआ मोइत्रा के खिलाफ सदन में यह सभा संकल्प करती है कि मोइत्रा को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया जाए। इसके बाद सदन ने ध्वनिमत से प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।



### मौलिक अधिकारों का हनन: टीएमसी

रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने लोकसभा अध्यक्ष से कई बार आग्रह किया कि मोइत्रा को उनका पक्ष रखने का मौका दिया जाए, लेकिन बिरला ने पुरानी संसदीय परिपाटी का हवाला देते हुए इससे इनकार कर दिया। टीएमसी कल्याण बनर्जी ने कहा कि दर्शन हीरानंदानी को समिति के समक्ष नहीं बुलाया गया और उनका हलफनामा आया। जब तक व्यक्ति सामने नहीं कहता कि उसका हलफनामा है तो उसकी बात को कैसे माना जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आचार समिति ने महुआ मोइत्रा को अनुच्छेद 14 के तहत मिले मौलिक अधिकार का हनन किया है। यह नहीं बताया गया कि कितनी नकदी का लेनदेन हुआ है। कोई सबूत नहीं दिया गया। जनता दल (यू) के गिरधारी यादव ने कहा कि दर्शन हीरानंदानी को समिति के समक्ष जिरह के लिए क्यों नहीं बुलाया गया।

### निष्कासन पर यह कहा महुआ ने

- आचार समिति, इसकी रिपोर्ट ने सभी नियमों को तोड़ा, यह हमें झुकने के लिए मजबूर करने का एक हथियार है।
- उन्हें उस आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है और उन्हें नकदी या उपहार दिए जाने का कोई सबूत नहीं है।
- आचार समिति मुझे उस बात के लिए दंडित कर रही है, जो लोकसभा में सामान्य है, स्वीकृत है तथा जिसे प्रोत्साहित किया गया है।
- उनके खिलाफ पूरा मामला 'लॉगिन विवरण' साझा करने पर आधारित है, लेकिन इस पहलू के लिए कोई नियम तय नहीं हैं।
- आचार समिति के निष्कर्ष पूरी तरह से दो व्यक्तियों की लिखित गवाही पर आधारित हैं, जिनके कथन असल में एक-दूसरे के विरोधाभासी हैं।



### चर्चा 'प्राकृतिक न्याय' के सिद्धांत के खिलाफ

कांग्रेस ने आनन-फानन' में चर्चा कराए जाने का आरोप लगाते हुए इसे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन करार दिया। कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि चर्चा करने के लिए सदस्यों को तीन-चार दिन का समय दिया जाना चाहिए।

### ...तो आसमान नहीं टूट पड़ता: मनीष तिवारी

कांग्रेस की ओर से मनीष तिवारी ने कहा कि,आसमान नहीं टूट पड़ता, यदि हमें तीन चार-दिन दे दिए जाते, ताकि हम रिपोर्ट पढ़कर सदन के समक्ष अपनी बात रखते। उन्होंने सवाल किए कि क्या आचार समिति किसी के मौलिक अधिकारों का हनन कर सकती है? यह कैसी न्याय प्रक्रिया है जिसके तहत अभियुक्त को अपनी बात रखने का मौका भी नहीं दिया गया।

### यह संसद है, न कि अदालत: बिरला



तिवारी ने तीन दलों द्वारा अपने सदस्यों को व्हिप जारी करने पर सवाल खड़े किए और कहा कि सदन की कार्यवाही तत्काल स्थगित करने और व्हिप वापस लेने का आदेश दिया जाना चाहिए। इस मामले में यहां उपस्थित सदस्य न्यायाधीश के रूप में हैं न कि पार्टी सदस्य के रूप में। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह संसद है न कि अदालत। मैं न्यायाधीश नहीं हूं, सभापति हूं...यहां मैं निर्णय नहीं कर रहा, बल्कि सभा निर्णय कर रही है। तिवारी ने संविधान के अनच्छेद 105(2) के तहत सांसदों को दी गयी विशेष छूट का भी जिक्र किया।

### भारतीय सांसदों की छवि धूमिल हुई: भाजपा


भाजपा ने कहा कि महुआ मोइत्रा के मामले से पूरी दुनिया में भारतीय सांसदों की छवि धूमिल हुई है। लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद हिना गावित ने कहा कि मोइत्रा ने नियम तोड़ा है तथा कानून से ऊपर कोई नहीं है। गावित ने कहा कि बहुत दुख हो रहा है कि ऐसे विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है। भाजपा की अपराजिता सांरगी ने कहा कि यह विषय अहम है क्योंकि संसद की मर्यादा और संवैधानिक प्रक्रियाओं से जुड़ा हुआ है। आचार समिति की सदस्य अपराजिता ने दावा किया कि महुआ मोइत्रा ने समिति की बैठक में असंवैधानिक शब्दों का प्रयोग किया था और उन्होंने बैठक से वॉकआउट किया था।

## देश में 479 ग्राम न्यायालय सूचित 284 हैं चालू



**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को सूचित किया कि देश के विभिन्न राज्यों में 479 ग्राम न्यायालय अधिसूचित हैं, लेकिन इनमें से 284 ही कार्यरत हैं। नागरिकों को उनके दरवाजे पर न्याय दिलाने के लिए 2008 में ग्राम न्यायालय अधिनियम लागू किया गया था। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि कानून के अनुसार, राज्यों के लिए ऐसी अदालत स्थापित करना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकारें संबंधित उच्च न्यायालयों के परामर्श से ग्राम न्यायालय स्थापित करती हैं। यह राज्यों पर निर्भर है कि वे अपने संबंधित उच्च न्यायालय के परामर्श से अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ऐसी और अदालतें स्थापित करें।

### आदित्य-L-1 ने सूर्य की तस्वीरें खींची



**बेंगलुरु।** आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान पर लगे 'सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' (एसयूआईटी) उपकरण ने 200-400 एनएम तरंगदैर्ध्य रेंज में सूर्य की पहली पूर्ण-डिस्क तस्वीरें सफलता-पूर्वक खींची हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार, एसयूआईटी ने विभिन्न वैज्ञानिक फिल्टर का उपयोग करके इस तरंगदैर्ध्य रेंज में सूर्य के प्रकाशमंडल और वर्णमंडल की तस्वीरें खींचीं। इसरो ने शुक्रवार को कहा, 20 नवंबर, 2023 को, एसयूआईटी उपकरण को चालू किया गया था। दूरबीन ने छह दिसंबर, 2023 को पहली प्रकाश विज्ञान तस्वीरें लीं।

### शहीद पुलिस निरीक्षक को अंतिम विदाई



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस में निरीक्षक मसरूर अहमद वानी की तिरंगे में लिपटी हुई पार्थिव देह जब यहां पुलिस लाइंस इलाके में पुष्पांजलि के लिए लाई गई तो माहौल गमगीन हो गया। वानी की बहन ने नम आंखों से कहा, आप हमेशा एक पुलिस अधिकारी बनना चाहते थे। वह आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पुलिस अधिकारी को अंतिम विदाई देने के लिए परिवार और सहकर्मियों के साथ वहां पर मौजूद थी।

## उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट


# 'वेड इन इंडिया' आंदोलन चलना चाहिए: पीएम मोदी

### धनाढ्य लोगों से 'डेस्टिनेशन वेडिंग' करने का अनुरोध

एजेंसी | देहरादून

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश को 'मेक इन इंडिया' की तर्ज पर 'वेड इन इंडिया' जैसे आंदोलन की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही प्रभावशाली उद्योगपतियों से प्रति वर्ष अपने परिवार के किसी सदस्य की उत्तराखंड में 'डेस्टिनेशन वेडिंग' करने की अपील की।

मोदी ने यहां 'एफआरआई' में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि करोड़पति और अरबपति कारोबारियों के बीच 'डेस्टिनेशन वेडिंग' के लिए विदेश जाना चलन बन गया है। ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने अपने पिछले मन की बात कार्यक्रम के दौरान संपन्न कारोबारी परिवारों से विदेश जाने के बजाय देश में ही विवाह समारोह आयोजित करने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा, एक पुरानी कहावत है कि शादियां आसमान में बनती हैं। फिर क्यों युवा लोग विवाह के लिए विदेश जाने के बजाए देवताओं की भूमि (देवभूमि) पर आते।





### बन सकता है अंतरराष्ट्रीय विवाह स्थल

मोदी ने कहा कि अगर उत्तराखंड में 'डेस्टिनेशन वेडिंग' की प्रथा शुरू होती है और पांच साल तक जारी रहती है तो यह एक अंतरराष्ट्रीय विवाह स्थल के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा,यदि अमीर कारोबारी परिवार अपने परिवार के सदस्यों का विवाह अगले पांच वर्ष तक उत्तराखंड में वर्ष में एक बार आयोजित करना शुरू कर दें और अगर यहां वर्ष में पांच हजार विवाह भी होने लगें, तो एक उपयुक्त बुनियादी ढांचा विकसित होगा और यह स्थान एक प्रमुख विवाह स्थल के रूप में उभरेगा।

### उत्तराखंड की असीमित क्षमता का लाभ उठाएं निवेशक : मोदी

पीएम मोदी ने निवेशकों से उत्तराखंड की असीमित क्षमता का लाभ उठाने और उन्हें अवसरों में बदलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा,प्रकृति, संस्कृति और विरासत- उत्तराखंड में सब कुछ है। आपको उनके द्वार खोलने हैं और उन्हें अवसरों में बदलना है। प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों की आय बढ़ाने के लिए ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की भी शुरुआत की। इस शिखर सम्मेलन की तैयारियां महीनों से चल रही थीं। इसमें देश और विदेशों के हजारों निवेशक और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## मैं कानून और संविधान का सेवक हूं: सीजेआई

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा कि एक न्यायाधीश के रूप में वह कानून और संविधान के 'सेवक' हैं। जब प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ आज की कार्यवाही के लिए बैठी तो अधिवक्ता मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा ने अदालत के समक्ष एक मामले का उल्लेख किया।

वकील ने पीठ के समक्ष कॉलेजियम प्रणाली में सुधारों की जरूरत और वरिष्ठ अधिवक्ता पद समाप्त किए जाने की जरूरत का उल्लेख किया। पीठ में न्यायाधीश जे.बी. पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, आपको अपने दिल की बात सुनने की आजादी है। प्रधान न्यायाधीश के रूप में, बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण, एक न्यायाधीश के रूप में मैं कानून और संविधान का सेवक हूं। उन्होंने कहा, मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, मुझे उसका पालन करना होगा। मैं यह नहीं कह सकता कि मुझे यह पसंद है और मैं यह करुंगा। शीर्ष अदालत ने इस साल अक्टूबर में वरिष्ठ अधिवक्ता के पद को चुनौती देने वाली एक याचिका खारिज कर दी थी।

## कला उत्सव: स्पेशली एबल्ड और बीमारी से लड़ने वाले हाथों ने सजाया कला संसार

# जीवन का हर रंग ऐसा... नजर न हटे

**बेधड़क.जयपुर।** डॉगी का आराम से सोना, नारी की व्यथा को दर्शाते लहुलुहान कटे पैर, कृष्णा के रूप, प्रकृति का सौंदर्य आदि सभी एक छत के नीचे मैसेज देते हुए देखने को मिले तो हर उम्र के लोगों की निगाहें ठहर सी गईं। कला प्रेमियों ने भी बारीकी से इनको देखा और परखा। ये अनूठा संसार सजाया गया है जवाहर कला केंद्र की सबसे बड़ी कला दीर्घा चतुर्दिक गैलरी में, जहां 3 दिवसीय पेंटिंग एग्जीबिशन और कला उत्सव 'स्प्लेश-2023' की शुरुआत हुई। सबसे अनूठी बात है, कि इसे मुंबई के मात्र 23 वर्षीय आर्किटेक्ट व आर्ट प्रमोटर मितुल अग्रवाल के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। एग्जीबिशन में देश के अनेक शहरों के 60 युवा चित्रकारों की साढ़े चार सौ पेंटिंग्स कौतुहल का विषय बनी हुई हैं। कला महोत्सव का उद्घाटन जाने-माने चित्रकार डॉ. विद्यासागर उपाध्याय ने किया। इस मौके पर प्रदेश के वरिष्ठ कला गुरु समंदर सिंह खांगारोत सागर, डॉ. नाथू लाल वर्मा, डॉ. मीनू श्रीवास्तव, डॉ. मणि भारतीय, मोहम्मद सलीम और किशोर सिंह आदि मौजूद रहे।



### लाइव पेंटिंग सेक्शन में कला की बारीकी

यहां एक सेक्शन लाइव पेंटिंग का है, जहां एजल, कैनवास और कलर्स उपलब्ध कराए गए हैं। यहां कोई भी कला प्रेमी पेंटिंग बना सकता है। राशि राजपूत की बनाई पेंटिंग्स खास हैं। राशि ने बताया कि वे कैंसर सर्वाइवल हैं। कीमो थैरेपी के दौरान आराम के पलों में मन लगाने के लिए उन्होंने पेंटिंग्स बनाना शुरू किया बाद में उनका ये प्रयास शौक में बदल गया। उसी अवधि में बनाई पेंटिंग्स प्रदर्शित हैं।

### सात कैटेगरीज में सजाई कलाकृतियां



यहां विभिन्न कलाकारों ने एकल रूप से तो कलाकृतियां आकर्षक तरीके से सजाई हैं, लेकिन इसके साथ ही प्रदर्शित कुछ कलाकृतियों को 7 कैटेगरीज में विभक्त किया गया है। पहला सैक्शन पोर्ट्रेट का है, जहां दिल्ली के धर्मेन्द्र शर्मा, आहूती नारायण और जयपुर के पवन टाक की रूपवादी कलाकृतियां देखने योग्य हैं। धर्मेन्द्र ने गहन चिंतन में डूबी युवतियों के पोर्ट्रेट बनाए हैं। आहूती के बनाए स्कैच में आकर्षक चेहरे देखने योग्य हैं, जबकि पवन ने एक पेंटिंग में मोर के साथ भगवान कृष्ण तो दूसरी में मोर के ही साथ राधा का रूपवादी चित्र बनाया है। इसके अलावा यहां एक सैक्शन गैलरीज का है, जहां जयपुर की गैलरी रीकलर और उदयपुर की इंसपिरिट आर्ट गैलरी के कलाकारों की कृतियां सजाई गई हैं।

### विशेष सक्षमों की कला है नयनाभिराम

आहान फाउन्डेशन में जीवन में बिता रहे तीन स्पेशली एबल्ड कलाकारों की कलाकृतियां सहज ही मन मोह लेती हैं। अनमोल भारद्वाज, अभिमन्यु शर्मा और नमन गोयल ने मधुबनी शैली में कलात्मक अभिव्यक्ति को जीवंत किया है।



### कला प्रेमियों के कदम रोक रहा है डॉगी

प्रदर्शनी में चलते-चलते कला प्रेमियों के कदम एक डॉगी को देखकर रुक जाते हैं। दरअसल यह डॉगी जयपुर की श्रुति सोनी का फाइबर से बनाया एक स्कल्पचर है। ये इतना जीवंत है, कि देखने वाले को असली डॉगी का वहम हो जाता है। शनिवार को कलाकार 'आर्ट एंड स्टोरी टेलिंग' कला का जीवंत प्रदर्शन करेंगे। साथ ही कैनवास पर बनी कलाकृतियों से संबंधित स्टोरी टैलिंग की कला से रूबरू कराएंगे। आयोजन सुबह 11 से दोपहर 1 बजे के दौरान होगा। इसी दिन दोपहर 2



से शाम 4 बजे तक 'पेंट एन ऑब्जेक्ट, शाम 5 से 6 बजे 'पेनल डिस्कशन' और 6 से 8 बजे तक 'ट्रेजर हंट' के कार्यक्रम होंगे।



### बनारस के घाट और कोहरे में लिपटी वादियां

जयपुर में रहकर कलाकर्म कर रहे उड़ीसा के कलाकार पारस मोहन्तो ने वाटर कलर से बनी 6 पेंटिंग्स प्रदर्शित की हैं। इन पेंटिंग्स में बनारस के घाट और कोहरे में लिपटी पहाड़ी वादियों को चित्रित किया है, जबकि एक अन्य पेंटिंग में इन्होंने स्टीम इंजन से चलने वाली ट्रेन को खूबसूरती से चित्रित कर भारतीय रेल की पुरानी तकनीक को फिर से जीवंत कर दिया।

## पर्यावरण चिंतन संगोष्ठी का पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** जैन अनुशीलन केंद्र राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से भगवान महावीर के निर्वाणोत्सव, जैन अनुशीलन केंद्र के 50वें स्थापना दिवस व एचएस रांका की स्मृति में 19 दिसंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जैन परंपरा में पर्यवारण चिंतन विषय में होने वाली संगोष्ठी का पोस्टर विमोचन आरयू कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने किया। विमोचन में जैन अनुशीलन केंद्र की निदेशक व संगोष्ठी निदेशक प्रो. रश्मि जैन, आयोजन सचिव रोहित कुमार जैन, समन्वयक डॉ. अमिता राज गोयल, सह समन्वयक गोपेश शर्मा व आयोजन समिति सदस्य डॉ. प्रवीण गर्ग, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. रामनिवास जांगिड़, डॉ. दिनेश चंद शर्मा, डॉ.पंकज जैन आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण प्रमुख ने किया मोटिवेट





**बेधड़क. जयपुर।** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के छठे प्रमुख एरिक सोलहेम ने सामाजिक कार्यकर्ता उमा व्यास को एक वीडियो संदेश जारी कर बधाई देते हुए मोटिवेट किया। दरअसल उमा के नेतृत्व में न्यूनतम जीवन शैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने वाले कचरा दो पौधा लो की थीम के तहत जयपुर शेयरिंग फेस्टिवल शुरू किया गया था, जिसकी गूंज अब संयुक्त राष्ट्र संघ तक जा पहुंची है। हाल ही में श्रीकल्पतरु संस्थान ने अभियान का द्वितीय चरण संपन्न किया है, जिसके तहत शहर से घर-घर जाकर अनुपयोगी सामग्री प्राप्त कर पौधे भेंट किए गए और जरूरतमंद लोगों को सामग्री उपलब्ध कराई गई। यह बात जब सोलहेम को पता चली तो उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर उमा को बधाई दी। उमा व्यास के नेतृत्व में अब तक 22000 से अधिक पौधे लगाकर संरक्षित किए जा चुके हैं।

## द फोर्ट थ्रू टाइम में जयगढ़ की कहानी

**बेधड़क. जयपुर।** जयगढ़ फोर्ट में शनिवार से दो दिवसीय 'द जयगढ़ फेस्टिवल' का आयोजन किया जाएगा। फेस्ट में टॉक शोज की एक श्रृंखला से इतिहास, कला और संस्कृति से रू-ब-रू कराया जाएगा। पहले दिन खिलबती निवास में टॉक शोज होगा, जिसमें डॉ. जाइल्स टिलोट्सन 'बिल्डिंग जयगढ़: द फोर्ट थ्रू टाइम' विषय पर जयगढ़ के वास्तुशिल्प पर प्रकाश डालेंगे। दोपहर 2 से 3 बजे तक डॉ. अभिमन्यु अरहा 'कॉन्क्वेर्स एंड प्रोटेक्टर्स' में कछावा इतिहास पर चर्चा करेंगे। 3 बजे गोविंद सिंह भाटी और शेरोन जेनेवीव राजस्थान की संगीत परंपराओं के पुनरुद्धार पर चर्चा करते हुए दर्शकों को राजस्थान की समृद्ध संगीत परंपराओं से रूबरू कराएंगे। सुरुचि शर्मा 'जर्नी विद फोक' में लोक संस्कृति से यात्रा पर ले जाएंगी। दिन का समापन डॉक्यूमेंट्री 'मीन राग' की स्क्रीनिंग से होगा।

## City इवेंट्स

### सुंदरकांड-हनुमान चालीसा पाठ



**बेधड़क. जयपुर।** त्रिपोलिया बजार स्थित ठाकुर श्रीराम गोपाल महाराज सफेद हथियों का मंदिर में अयोध्या से आए पीले चावल तैयार करने व सामूहिक सुंदरकांड के साथ हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने झांकी दर्शन किए और प्रसादी ली।

### शर्मा को राज्य स्तरीय पुरस्कार



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के पर्यटक गाइड महेश कुमार शर्मा को राजस्थान सरकार की ओर से पर्यटन क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि 15 अगस्त 2022 को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह सूची में शामिल किया गया था, लेकिन कोविड होने की वजह से सम्मान अब गायत्री राठौड़ (प्रमुख शासन सचिव पर्यटन व पुरातत्व विभाग) ने दिया।

## पोस्टर लॉन्च में शामिल हुए सोशल वर्कर्स और NRI

# पिंकसिटी में पहली बार रामराज्य महोत्सव, नृसिंह हवन होगा खास



**बेधड़क | जयपुर**

पिंकसिटी में पहली बार रामराज्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश और प्रदेश के प्रमुख महंत और विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस मौके पर कई भक्तिभाव गतिविधियों के आयोजन के साथ सनातन व अन्य टॉपिक पर चर्चा की जाएगी। सुंदरकांड, भगवान नृसिंहा हवन और प्रसादी के प्रोग्राम सबसे खास होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। यह कहना था समाज सेवी व आयोजक अक्षय गुप्ता का, जो गुलाबी नगरी में अन्य प्रबुद लोगों व एनआरआई के साथ रामराज्य महोत्सव का पोस्टर लॉन्च कर रहे थे।

कार्यक्रम में अक्षय के साथ सोशल वर्कर संजय मीणा, राम बाबू गुप्ता, बजरंग दल से सचिन कपूर और लंदन से आए एनआरआई अंकित शर्मा उपस्थित रहे। अक्षय ने बताया कि कानोता के पास गुप्ता फार्म रामपुरा में होने वाले महोत्सव में हरे कृष्णा मूवमेंट के राजस्थान व महाराष्ट के अध्यक्षों के साथ जगदीशजी महाराज के महंत हनुमान शर्मा, जयपुर आराध्य देव गोविंद देवजी के महंत मानस गोस्वामी के साथ अन्य महंतों को आमंत्रित किया गया है। संघ से प्रांत प्रचारक बाबूलाल, विभाग प्रचारक प्रशांत, प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम व अन्य जिला प्रचारक हिस्सा लेंगे।

## मधुरम में बंदिशों में डूबे कला प्रेमी

# शास्त्रीय संगीत उत्सव में ख्याल गायन प्रस्तुति ने किया झंकृत




**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केन्द्र में कला संसार मधुरम के तहत आयोजित शास्त्रीय संगीत उत्सव में ख्याल गायन की प्रस्तुति ने दिलों को छुआ। युवा कलाकार विक्रम श्रीवास्तव ने ख्याल की अलग-अलग बंदिशें पेश कर श्रोताओं को रोमांचित किया। उत्सव में जहां संवाद प्रवाह में विशेषज्ञों ने विचार साझा किए, वहीं ध्रुवपद और ख्याल गायन प्रस्तुतियों में श्रोताओं ने शास्त्रीय संगीत का आनंद उठाया। ख्याल गायन की प्रस्तुति में विभिन्न भावों की अभिव्यक्ति हुई।

विक्रम ने राग जोग में आलाप के साथ प्रस्तुति की शुरुआत की। फिर एक ताल अति विलंबित लय में बड़ा ख्याल 'पिया घर नहीं आए' गाकर विरह के भाव साकार किए। मधुर आवाज में मध्य लय तीन ताल में छोटा ख्याल 'साजन मोरे घर आए' में श्रृंगार के भाव झलके। रग बागेश्वरी में में छोटे ख्याल के साथ प्रस्तुति आगे बढ़ी। मध्य लय तीन ताल में 'पायल बाजै रे मोरी झनन प्यारे' पेश की। द्रुत तीन ताल में 'ए री ए मैं कैसे घर जाऊं' के साथ प्रस्तुति का समापन हुआ। जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित सांगीतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में शनिवार को शाम-ए-गजल होगी। रंगायन सभागार में शाम 6 बजे से होने वाली प्रस्तुति में संगीता शर्मा गजलों का गुलदस्ता सजाएंगी।

## हीरक जयंती महोत्सव | रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूरे होने पर नाटक का मंचन

# सत्ता प्राप्ति और धन लोलुपता के षड्यंत्रों का पर्दाफाश

**बेधड़क | जयपुर**

अयोध्या नरेश महाराज नंद मरणासन्न अवस्था में हैं। ब्रह्म तेज से स्वास्थ्य लाभ के लिए ब्राह्मणों को आमंत्रित किया जाता है, लेकिन नंद के छोटे भाई चंद्रकेतु व नंद की छोटी रानी यशोमती नंद की मृत्यु की आकांक्षी है।

ऐसे में कहानी आगे बढ़ते हुए मोड़ लेती है। कलाकारों ने इस दृश्य को बड़े जीवंत रूप में पेश किया तो कला प्रेमी रोमांचित हो उठे। मौका था रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूरे होने पर हीरक जयंती महोत्सव में कला व संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच के टैगोर थिएटर योजना में नाटक राजदर्शन के मंचन का। मनोज मित्र लिखित नाटक में अयोध्या नरेश महाराज नंद को मरणासन्न अवस्था में बताया गया।



### छल का कुरूप चेहरा

कहानी में आगे दोनों कपट कर राजमहल की सेविका कुब्जा से जहर दिला कर राजा की हत्या करा देते हैं, लेकिन शनि देव की कृपा से नंद को आशीर्वाद देने आए एक ब्राह्मण लंबोदर भट्ट की आत्मा मृत्यु राजा नंद की देह में प्रविष्ट हो जाती है। धीरे-धीरे राजमहल में होने वाले छल, प्रपंच, सत्ता लोलुपता, धन लिप्सा आदि का कुरूप चेहरा सामने आने लगता है। मनुष्य के स्वार्थ व लालच का चित्रण करते हुए ब्राह्मण की आत्मा अपनी मूल देह में लौट आती है।

### उम्दा अदाकारी

रवींद्र मंच की मैनेजर सोविला माथुर ने बताया कि नाटक में नाटक में कुलदीप शर्मा के कसावट भरे निर्देशन में स्वयं कुलदीप शर्मा ने लंबोदर ब्राह्मण व राजा नंद की दोहरी भूमिका में प्राण फूंके तो कुब्जा की भूमिका में नेहा बुत्तोलिया ने दर्शकों की वाही-वाही बटोरी। अन्य भूमिकाओं में जतिन, लोकेश, हर्षित, प्रिंस, गुरु, वैशाली, करण, कुणाल, हिमांशु, विकास, माता चरण मनीष व अन्य ने नाटक के पात्रों के साथ न्याय किया। रूप सज्जा संजय सेन की रही।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, शनिवार, 09 दिसंबर, 2023





आपकी ताकत से ज्यादा काम आपका धैर्य करता है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## बेधड़क मुलाकात



चितौड़गढ़ से विधायक चन्द्रभान आक्या ने शुक्रवार को "सच बेधड़क" कार्यालय में सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा से मुलाक़ात की।

### 21,000 फुट ऊंचाई पर उड़ रहा था गुब्बारा

# अमेरिका के बाद अब ताइवान में देखा गया चीन का जासूसी बैलून

**एजेंसी** | ताइपे



ताइवान जलडमरूमध्य में एक चीनी सैन्य निगरानी गुब्बारा और बड़े पैमाने पर भेजे गए सैन्य विमान एवं पोत देखे गए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि गुब्बारा गुरुवार रात उत्तरी बंदरगाह शहर कीलुंग के दक्षिण-पश्चिम से गुजरा और पूर्व की ओर बढ़ने के बाद संभवतः प्रशांत महासागर में गायब हो गया। बहरहाल, इस बात को लेकर अनिश्चितता नजर आई कि यह गुब्बारा सीधे चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' (पीएलए) द्वारा संचालित किया गया था या नहीं।

मंत्रालय ने इसे 'पीएलए निगरानी गुब्बारा' और '1 पीआरसी का गुब्बारा' दोनों के रूप में संदर्भित किया है। चीन के आधिकारिक नाम 'चीनी जनवादी गणराज्य' का संक्षिप्त नाम पीआरसी है। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि उसके पास कोई और जानकारी नहीं है। ताइवान ने ऐसे गुब्बारों को मार गिराने की धमकी दी है, लेकिन मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि इस मामले में क्या कोई कार्रवाई की गई। उसने बताया है कि गुब्बारे को लगभग 6,400 मीटर (21,000 फुट) ऊंचाई पर उड़ते हुए देखा गया। उसने यह भी कहा कि शुक्रवार सुबह छह बजे से पहले 24 घंटों में 10 चीनी नौसैन्य पोत के अलावा 26 चीनी सैन्य विमानों का पता लगाया गया। इन विमानों में से 15 विमानों ने उस मध्य रेखा को पार किया जो दोनों पक्षों के बीच एक अनौपचारिक सीमा रेखा है, लेकिन बीजिंग इसे स्वीकार नहीं करता। कुछ विमानों ने ताइवान के हवाई क्षेत्र के बाहर उसके स्वघोषित वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में भी प्रवेश किया जिसमें ताइवान जलडमरूमध्य 160 किलोमीटर (100 मील) इलाका शामिल है।

मंत्रालय ने बताया कि ताइवान की सेना ने लड़ाकू विमानों, नौसेना के पोतों और भूमि-आधारित मिसाइल प्रणालियों के जरिए स्थिति पर नजर रखी।


### अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी बोले...

# हत्या की साजिश के मामले की गहन जांच करे भारत

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका ने भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताते हुए कहा है कि वह उसके साथ कई क्षेत्रों में संबंधों को और अधिक मजबूत बनाना चाहता है, लेकिन वह यह भी चाहता है कि भारत न्यूयॉर्क में एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश के मामले की गहन जांच करे और इसमें शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराए।

राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने इस कथित षड्यंत्र का असर भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ने की संभावना से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह कहा। किर्बी ने व्हाइट हाउस के एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है। हम इस रणनीतिक साझेदारी को और गहरा कर रहे हैं। वह प्रशांत में क्वाड का सदस्य है। हम कई मामलों पर उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं और हम चाहते हैं कि यह इसी प्रकार जारी रहे।



## क्या है मामला

अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने 29 नवंबर को आरोप लगाया था कि निखिल गुप्ता नाम के भारतीय नागरिक ने एक भारतीय सरकारी अधिकारी के साथ मिलकर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रची थी, जो सफल नहीं हो पाई। पन्नू के पास अमेरिका तथा कनाडा की नागरिकता है। भारत ने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति के साथ एक भारतीय अधिकारी का नाम अमेरिका द्वारा जोड़े जाने को 'चिंता का विषय' बताया है।

## जांच समिति गठित

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने अमेरिका से मिली जानकारी पर गौर करने के लिए एक जांच समिति का गठन किया है, क्योंकि यह देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि ये जानकारी हमारे लिए चिंता का विषय हैं क्योंकि ये संगठित अपराध, तस्करी आदि की साठगांठ से संबंधित हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि इसका राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ता है, इसलिए जांच समिति का गठन किया गया।अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस मामले की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति गठित करने के भारत के फैसले का स्वागत किया।

### पाक नागरिकों को ही देश में राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति

# 5 लाख अफगानिस्तानियों ने छोड़ा पाकिस्तान

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे अफगानिस्तान के कम से कम पांच लाख लोगों ने दो माह से अधिक वक्त में पाकिस्तान छोड़ा है।

पाकिस्तान के कार्यवाहक गृह मंत्री ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।अफगानिस्तान के नागरिकों की यह वापसी पाकिस्तान सरकार की ओर से दो महीने पहले शुरू की गई राष्ट्रव्यापी कार्रवाई का हिस्सा है। पाकिस्तान का कहना है कि यह अभियान सिर्फ अफगानिस्तान के नागरिकों के लिए नहीं है।

पाकिस्तान के कार्यवाहक गृह मंत्री सरफराज बुगती ने शुक्रवार को इस्लामाबाद में संवाददाताओं से कहा कि पिछले दो माह से अधिक वक्त में 482,000 से अधिक अफगानिस्तान के नागरिक स्वदेश लौट गए हैं जिनमें से 90 प्रतिशत स्वेच्छा से जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने उन 10 अफगानी नागरिकों को उनके देश भेजने का निर्णय किया है जो वैध प्रक्रिया से देश में हैं लेकिन राजनीति में भाग ले रहे हैं। कार्यवाहक गृह मंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि केवल पाकिस्तानी नागरिकों को ही देश में राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति है। यदि कोई भी विदेशी किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल पाया गया तो उसे तुरंत निर्वासित कर दिया जाएगा।




## इराक की राजधानी में अमेरिकी दूतावास पर रॉकेट हमला

**बगदाद**। इराक की राजधानी बगदाद में स्थित अमेरिकी दूतावास पर शुक्रवार सुबह हुए रॉकेट हमले में छिटपुट नुकसान हुआ है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। अमेरिकी और इराकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इराक के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को 14 कत्युशा रॉकेट दागे गए, जिनमें से कुछ दूतावास के द्वार के निकट, जबकि अन्य नदी में गिरे।

# बाइडेन के बेटे हंटर की बढ़ी मुश्किलें

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन पर गुरुवार को कैलिफोर्निया में कर संबंधी नौ आरोपों में अभियोग लगाया गया। डेलावेयर में 2018 में बंदूक की अवैध खरीदारी के अलावा हंटर पर गुंडागर्दी के तीन और दुराचार के छह नए आरोप लगाए गए हैं। अमेरिका में मादक पदार्थ का सेवन करने वाला शख्स अपने पास बंदूक या कोई अन्य हथियार नहीं रख सकता है, लेकिन आरोपों के अनुसार, हंटर ने ऐसा कर अमेरिकी कानून का उल्लंघन किया था।

विशेष वकील डेविड वीस ने एक बयान में कहा कि हंटर बाइडेन ने अपने कर बिलों का भुगतान करने के बजाय अपनी विलासितापूर्ण जीवनशैली पर लाखों डॉलर खर्च किए। हंटर बाइडेन पर लगाया गया यह आरोप 2016 से 2019 के बीच कम से कम 14 लाख अमेरिकी डॉलर के बकाए कर पर केंद्रित हैं। इस अवधि में उन्होंने नशे की लत से जूझने की बात भी स्वीकार की है। वीस ने कहा कि दोषी पाए जाने पर हंटर बाइडेन को 17 साल तक की जेल हो सकती है। उन्होंने कहा कि विशेष जांच जारी रहेगी। बचाव पक्ष के वकील एब्बे लोवेल ने वीस पर मामले में 'रिपब्लिकन पार्टी के दबाव के आगे झुकने' का आरोप लगाया।

### जापान को मिली सफलता

# गाय के गोबर के बने ईंधन से उड़ाया रॉकेट

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान गाय के गोबर का इस्तेमाल रॉकेट के ईंधन के तौर पर करने की तैयारी कर रहा है। जापान की स्पेस इंडस्ट्री ने गुरुवार को एक प्रोटोटाइप रॉकेट इंजन का परीक्षण किया है। ये रॉकेट का ईंधन गाय के गोबर से तैयार हुआ है। इस रॉकेट को बायोमीथेन के जरिए उड़ाया गया है, जिसे गोबर से तैयार किया जाता है।

बायोमीथेन ईंधन से उड़े इस रॉकेट ने ताकी शहर में करीब 10 सेकंड के लिए एक खुले हैंगर दरवाजे से 10-15 मीटर (30-50 फीट) दूर एक नीली और नारंगी लौ फेंकी। इंटरस्टेलर टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यकारी ताकाहिरो इनागावा ने बताया कि इसमें इस्तेमाल हुआ बायोमीथेन पूरी तरह से दो स्थानीय डेयरी फार्मों में गाय के गोबर से बनाया गया था।



इनागावा ने बताया हम ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इसे स्थानीय स्तर पर उत्पादित किया जा सकता है। यह बहुत किफायती है और यह अच्छे प्रदर्शन और शुद्धता वाला ईंधन है। हम ऐसा करने वाले पहले निजी व्यवसाय हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह मान लेना अतिश्योक्ति होगी कि इसे पूरी दुनिया में दोहराया जाएगा। मैं कह सकता हूं कि आने वाले वक्त में इसका ज्यादा इस्तेमाल देखा जा सकता है।

## सैटेलाइट में भी इस्तेमाल होगी ये तकनीक!

गोबर से रॉकेट उड़ाने वाली इंटरस्टेलर टेक्नोलॉजीज और एयर वॉटर फर्म का मानना है कि आने वाले समय में इस ईंधन का इस्तेमाल करके अंतरिक्ष में सैटेलाइट भी स्थापित की जा सकेंगी। ये फर्म स्थानीय किसानों के साथ मिलकर काम करती हैं, जिनके पास अपने खेतों पर गाय के गोबर को बायोगैस में संसाधित करने के लिए उपकरण हैं। एयर वाटर बायोगौस को इकट्ठा करता है और फिर इसे रॉकेट ईंधन में बदल देता है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl